दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 147 | सीकर, रविवार 26 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8




## युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं का सम्मान

मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं। भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र की सेवा करने का जो अवसर मुझे प्राप्त हुआ उसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करता हूं।
-शिक्षा मंत्री

# दीपके बोले- वे कहते थे इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते; लेकिन झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए

नई दिल्ली.

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी पिछले 36 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रही है। इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा- वे कहते थे, इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते, लेकिन झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए। प्रधान ने इस्तीफे को लेकर चिट्ठी पोस्ट की। दो पेज और 575 शब्दों में लिखी इस चिट्ठी में प्रधान ने बाकी बातों के साथ दो जगह युवाओं को भ्रमित करने की बात भी लिखी। चिट्ठी का यह हिस्सा नीचे हाइलाइट किया गया है।

**12 साल में पहली बार विरोध के बाद मंत्री का इस्तीफा**-2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने के बाद 12 साल के कार्यकाल में धर्मेंद्र प्रधान पहले मंत्री हैं, जिन्हें विरोध के चलते इस्तीफा देना पड़ा है। हालांकि, इससे पहले 2018 में विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने इस्तीफा दिया था, लेकिन तब दुनियाभर में मी टू आंदोलन चल रहा था और अकबर पर पत्रकारिता के दिनों में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे।

**दीपके बोले- कॉकरोच एक बार घुसता है तो निकलता नहीं**-जंतर-मंतर पर अभिजीत दीपके ने कहा- मंत्री का इस्तीफा तो हो गया है, लेकिन हमारी दो और मांगे हैं। हम ऐसे नहीं जाएंगे। कॉकरोच एक बार घुसता है, तो निकलता नहीं। जिन बच्चों ने सुसाइड किया, उनके परिवार को एक करोड़ मुआवजा मिले। पुलिसवालों पर एक्शन हो। सीजेपी ने सोशल मीडिया पर कहा- कॉकरोच की जीत हुई।

**वांगचुक बोले- ये लोकतंत्र की जीत**-सोनम वांगचुक ने अस्पताल से किए पोस्ट में लिखा- यह लोकतंत्र की जीत है, प्रत्यक्ष लोकतंत्र... सड़कों से मिली जीत। यह शांति, धैर्य और दृढ़ता की जीत है। सीजेपी और तद्दर्थों को बधाई। देश के हर कोने से उठ खड़े होने के लिए सभी नागरिकों को धन्यवाद।

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 47 अफसर बर्खास्त हुए थे**-शुक्रवार रात नीट पेपर लीक मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 47 अधिकारी बर्खास्त किए गए थे। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज करने की बात भी कही गई। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था।



# कॉकरोच जनता पार्टी बोली- आंदोलन खत्म, तीनों मांगें पूरी

पहली- इस्तीफा
दूसरी- केस वापसी
तीसरी- मुआवजा

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को आंदोलन खत्म कर दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह के साथ प्रवक्ता सौरभ दास, आशुतोष रांका ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। सौरभ दास ने कहा कि जंतर-मंतर मौजूद सभी प्रदर्शनकारी अब अपने घर लौट जाएं। रांका ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सरकार से 3 बार बातचीत हुई। हमारी तीनों मांगें मान ली गई हैं। इनमें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, सभी केस वापस लिए जाएं और नीट पीड़ितों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए शामिल हैं। इससे पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही जंतर-मंतर पर जश्न का माहौल है। छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। राष्ट्रगान गाया। इस दौरान नीट पेपर लीक के बाद जान गंवाने स्टूडेंट्स के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

# व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए छोड़ा पद, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर नितिन नवीन ने किया रिएक्ट

नीट पेपर लीक विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके इस कदम का समर्थन किया है।

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तौर पर, धर्मेंद्र प्रधान ने भारत के शिक्षा में सुधार लाने और ऐतिहासिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति व अन्य पहलों को सफलतापूर्वक लागू करने में अहम भूमिका निभाई है।

पार्टी धर्मेंद्र प्रधान के साथ मजबूती से खड़ी है- नितिन नवीन-व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए उनका पद छोड़ने का निर्णय सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के उच्चतम मानदंडों को दर्शाता है। पार्टी इस निर्णय में धर्मेंद्र प्रधान के साथ मजबूती से खड़ी है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा-नीट पेपर लीक विवाद पर आखिरकार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पेपर लीक के खिलाफ कॉककोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हो रहे प्रदर्शनों की बड़ी जीत है, जिसका केंद्र दिल्ली का जंतर-मंतर था।

सीजेपी ने की थी इस्तीफे की मांग- सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अन्य मांगों को मानने का भरोसा दिया था। उसमें, नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देना और इस हफ्ते की शुरुआत में संसद तक मार्च में शामिल लोगों को खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न करना। फिर भी प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे।



## धर्मेंद्र प्रधान ने ली पेपर लीक की जिम्मेदारी

इस्तीफा देने के बाद, प्रधान ने कहा कि उन्होंने नीट पेपर लीक की पूरी जिम्मेदारी ली और कभी भी स्थिति से मुंह नहीं मोड़ा, लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों ने बाधाएं पैदा करने और छात्रों को गुमराह करने की कोशिश की।

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

धर्मेंद्र प्रधान में एक्स पर पोस्ट में लिखा, जंतर-मंतर और पूरे देश की स्थिति को देखते हुए, जिसका मकसद देश-विरोधी ताकतों को इनका फायदा उठाने से रोकना, राष्ट्रीय एकता बनाए रखाना, यह सुनिश्चित करना कि किसी भी भारतीय छात्र का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न फंसे, और हमारे बच्चों को अपनी पढ़ाई पर समय देने और अपना करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने देना है। मैंने माननीय प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने सरकार के सामने रखी 2 मांगें, खरगे बोले- यह अंत नहीं

धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक के बाद से ही देशभर में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा था, इसे देखते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने आज शनिवार, 25 जुलाई को इस्तीफा दे दिया। कॉकरोच जनता पार्टी समेत देशभर में छात्रों ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान के इस्तीफे के बाद मल्लिकार्जुन खरगे, अरविंद केजरीवाल और शरद पवार समेत कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है।



### राहुल गांधी ने सरकार के सामने रखी 2 मांगें

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का रिएक्शन सामने आया है। राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को एजुकेशन सिस्टम को नया आकार देने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, देश भर के स्टूडेंट्स को बहुत-बहुत बधाई।

हमें आप सभी पर गर्व है। हर उस नौजवान, हर उस स्टूडेंट को दिल से बधाई जो डेमोक्रेसी, संविधान और अपने भविष्य की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरे और डटे रहे। राहुल गांधी ने आगे कहा, 2 मांगें अभी भी बाकी हैं – प्रधानमंत्री को स्टूडेंट्स और भारत के भविष्य का सम्मान करते हुए माफी मांगनी चाहिए और स्टूडेंट्स के खिलाफ हिंसा के दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला करते हुए आगे कहा, समाज के दूसरे तबकों के लिए किसान, मजदूर, गरीब, हर वह इंसान जिसे इस सरकार ने दबाया और कुचला है—असली हिम्मत अपनी इज्जत के लिए संवैधानिक तरीके से डटे रहने में है। इस सरकार को हटाने का समय आ गया है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने भारत टैक्सी को दिखाई हरी झंडी

**जयपुर।** जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा ने भारत टैक्सी को हरी झंडी दिखाकर आधिकारिक शुभारंभ किया। शनिवार शाम को भगवत सिंह मेहता सभागार, ओटीएस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री शामिल हुए। कंपनी का दावा है कि यात्रियों को ओला-उबर की तुलना में 10 से 15% तक सस्ती राइड मिलेगी। वहीं सर्ज प्राइसिंग (पीक ऑवर में रेट बढ़ाना) नहीं लगाई जाएगी। हाल ही में जयपुर में भारत टैक्सी ने अपना कस्टमर मोबाइल एप लॉन्च किया था। कैब में 11 किलोमीटर तक की दूरी पर ग्राहक को करीब 25 रुपए तक का फायदा होगा।

### कोबरी-सार




# झुंझुनू का बीडीके अस्पताल बना मातृ-शिशु सेवाओं का लाइफलाइन सेंटर

## दो साल में 10 हजार सुरक्षित प्रसव, मातृ मृत्यु शून्य, एक ही छत के नीचे मिल रही सभी सुविधाएं

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के सबसे बड़े राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल की मातृ-शिशु इकाई सुरक्षित प्रसव सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान बना रही है। विगत दो वर्षों में यहां लगभग 10 हजार गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है जबकि जुलाई 2026 में अब तक 350 से अधिक प्रसूताओं ने सेवाओं का लाभ लिया है। जिलेभर में हर वर्ष करीब 20-25 हजार प्रसव होते हैं जिनमें सामान्य, उच्च जोखिम और सिजेरियन प्रसव के मामलों में बीडीके अस्पताल सरकारी व निजी संस्थानों में अग्रणी बनकर उभरा है। विशेष रूप से उच्च जोखिम प्रसूताओं की बढ़ती संख्या के बावजूद अस्पताल में सफल उपचार और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किए जा रहे हैं। अस्पताल में 466 उपकेंद्र, 132 पीएचसी, 35 सीएचसी और 3 उपजिला अस्पतालों से प्रतिदिन सामान्य व गंभीर प्रसूताएं रेफर होकर पहुंच रही हैं। यहां प्रतिदिन 8-10 सिजेरियन और 15-20 सामान्य प्रसव कराए जा रहे हैं। पिछले दो वर्षों में 4418 उच्च जोखिम महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिनमें से 3587 को सिजेरियन और 6371 को सामान्य प्रसव के माध्यम से सेवाएं दी गई।

सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि बीडीके अस्पताल में टीम की सतत निगरानी और बेहतर प्रबंधन के चलते पिछले दो वर्षों में मातृ मृत्यु शून्य रही है। यही कारण है कि हरियाणा सहित चूरू और सीकर जैसे आसपास के जिलों से भी गर्भवती महिलाएं यहां प्रसव सेवाओं के लिए आ रही हैं।

### एक छत के नीचे सभी सुविधाएं

अस्पताल में लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, नवजात शिशु आईसीयू, ब्लड बैंक और ब्लड सेपरेशन यूनिट जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं जो गंभीर मामलों में जीवनदायिनी साबित हो रही हैं।

### 24 गुणा 7 ब्लड बैंक से मिल रही राहत

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ राकेश कुमार के अनुसार अस्पताल में 24 घंटे ब्लड की उपलब्धता के कारण एनीमिया से ग्रसित प्रसूताओं को समय पर सहायता मिल रही है। स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते हर वर्ष लगभग 5000 यूनिट रक्त संग्रहित किया जाता है, जो प्रसूताओं सहित अन्य मरीजों के लिए उपयोगी साबित होता है।

### विशेषज्ञ टीम की निगरानी

पीएमओ एवं अतिरिक्त अधीक्षक डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि अस्पताल में 11 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 3 वरिष्ठ रेजीडेंट, 10 रेजीडेंट चिकित्सक और 30 प्रशिक्षित नर्सिंग अधिकारी 24 गुणा 7 सेवाएं दे रहे हैं। नवजात शिशु इकाई में 13 शिशु रोग विशेषज्ञ और 10 रेजीडेंट चिकित्सकों की टीम तैनात है जबकि निश्चेतना विभाग के 11 विशेषज्ञ ऑपरेशन थियेटर को निरंतर संचालित रखते हैं।



| जून 2024 -जुलाई 2026 | जून 2024 - जून 2025 | जून 2025 - जून 2026 |
|---|---|---|
| कुल प्रसव : 9958 | कुल प्रसव : 5061 | कुल प्रसव : 5267 |
| उच्च जोखिम प्रसव: 4418 | उच्च जोखिम : 1913 | उच्च जोखिम : 2662 |
| सिजेरियन प्रसव : 3587 | सिजेरियन : 1531 | सिजेरियन : 2183 |
| सामान्य प्रसव : 6371 | सामान्य : 3530 | सामान्य : 3084 |
| मातृ मृत्यु : 00 | मातृ मृत्यु : 00 | मातृ मृत्यु : 00 |

## चातुर्मास आज से : जयपुर में 13 स्थानों पर विराजेंगे दिगंबर जैन संत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चार माह का प्रमुख धार्मिक पर्व चातुर्मास 26 जुलाई रविवार से शुरू होने जा रहे है। वर्षा ऋतु के दौरान आचार्य, मुनि और आर्यिकाएं एक ही स्थान पर विराजमान रहकर प्रवचन, स्वाध्याय, तप, त्याग, संयम और धर्मप्रभावना के माध्यम से समाज को आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा देंगे। इस दौरान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, संस्कार शिविर, सामूहिक आराधनाएं, युवा एवं महिला सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि अहिंसा के सिद्धांत के तहत वर्षा ऋतु में सूक्ष्म जीवों की रक्षा के लिए जैन संत विहार नहीं करते और चार माह तक एक स्थान पर रहकर चातुर्मास की मर्यादा का पालन करते हैं। आज के तनावपूर्ण और उपभोक्तावादी दौर में चातुर्मास संयम, आत्मनिरीक्षण, नैतिकता, जीवदया, पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक संस्कारों को मजबूत करने का श्रेष्ठ अवसर है।

### यहां होंगे चातुर्मास

राजधानी में आचार्य विशद सागर चित्रकूट कॉलोनी, आचार्य शशांक सागर पदमपुरा-बाड़ा, आचार्य आदित्य सागर जनकपुरी, उपाध्याय ऊर्जयंत सागर भट्टारक की नसियां, मुनि विलोक सागर एवं विभोध सागर मानसरोवर, मुनि विश्व विजय सागर मुहाना मंडी सहित सात गणिनी आर्यिकाओं एवं आर्यिकाओं के ससंघ विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मास करेंगे। इसके अलावा निवाई, चाकसू, बगरू, चौमूं, फागी, जोबनेर, केकड़ी समेत आसपास के नौ स्थानों पर भी दिगंबर जैन संतों का चातुर्मास होगा।

### चार माह होंगे धार्मिक आयोजन

चातुर्मास के दौरान अष्टांहिका पर्व, गुरु पूर्णिमा, वीर शासन जयंती, मोक्ष सप्तमी, दशलक्षण महापर्व, अनंत चतुर्दशी, क्षमावाणी पर्व, भगवान महावीर मोक्ष कल्याणक और वीर निर्वाण संवत् के शुभारंभ सहित अनेक प्रमुख धार्मिक पर्व मनाए जाएंगे। इसके साथ ही संतों की जयंती-पुण्यतिथि, धार्मिक संगोष्ठियां, संस्कार शिविर और सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## दुर्गापुरा गौशाला में होगा महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रावण मास में टोंक रोड दुर्गापुरा स्थित राजस्थान गौसेवा संघ गौशाला में 15-16 अगस्त को दो दिवसीय श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अचूक शिवशक्ति साधना महायज्ञ के रूप में श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। शनिवार को श्री सालासर बालाजी मंदिर के विष्णुदत्त पुजारी ने विद्याधरनगर में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। आयोजक गोपाल शरण महाराज ने बताया कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। देश भक्ति और देव भक्ति के माहौल के बीच यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर श्याम प्रभु और सालासर बालाजी का दरबार सजाया जाएगा। दूसरे दिन 16 अगस्त रविवार को श्रावण मास के उपलक्ष्य में मुख्य महायज्ञ होगा। महामृत्युंजय मंत्रों के वैदिक उच्चारण, रुद्राभिषेक एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग का दिव्य अभिषेक संपन्न होगा। यज्ञ में गौसेवा, लोककल्याण, राष्ट्र की सुख-समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति की कामना से विशेष आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कारगिल विजय दिवस पर 26 जुलाई को मालवीय नगर स्थित शहीद अमित भारद्वाज स्मृति उद्यान में राष्ट्र के वीर सैनिकों एवं अमर शहीदों के सम्मान में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 7 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रप्रेमी सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम संयोजक कारगिल शहीद अमित भारद्वाज की बहन ममता शर्मा ने बताया कि 26 जुलाई का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व, शौर्य और देशभक्ति का प्रतीक है। इसी दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान के बल पर कारगिल की दुर्गम चोटियों से दुश्मनों को खदेडकर भारत का तिरंगा पुन: शान से फहराया गया था। कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान देश सदैव स्मरण रखेगा। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उपस्थित नागरिक राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति संकल्प लेंगे।

## देवशयनी एकादशी पर परिणय सूत्र में बंधे 21 जोड़े

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश मेहराए कहार, कश्यप महासंघ के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी पर शनिवार को मानसरोवर के अरावली मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित स्वजातीय समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आए 21 वर-वधू वैदिक मंत्रोच्चार एवं हिन्दू रीति-रिवाज से वैवाहिक बंधन में बंधे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सादगी और पारिवारिक मूल्यों को सशक्तबनाने का प्रभावी माध्यम हैं तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक भैंरू लाल मेहरा, मुख्य सलाहकार डॉ. दिनेश मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष एवं आयोजन अध्यक्ष राजूलाल मेहरा चौहान, जयपुर जिला अध्यक्ष जगदीश मेहरा, प्रदेश महासचिव नरेश सिंह कश्यप, जयपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा मेहरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल मेहरा तथा जयपुर जिला महिला अध्यक्ष अनीता कश्यप एडवोकेट सहित समाज के गणमान्य नागरिक, विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सम्मेलन में नवदंपत्तियों को आशीर्वाद, शुभकामनाएं एवं आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता, सहयोग और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# संस्कृत शिक्षण में नवाचारों पर तीन दिवसीय दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, झुंझुनू में कक्षा 6 से 8 तक तृतीय भाषा संस्कृत का अध्यापन कराने वाले लेवल-2 शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने की। आईएफआईसी प्रभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रभागाध्यक्ष डॉ. राजबाला ढाका ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षकों की दक्षता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम प्रभारी प्रियंका बराला ने संस्कृत शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यवहारिक बनाने के लिए नवाचारों के समावेश पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भ व्यक्ति मूलचंद ने 40 प्रतिभागी शिक्षकों को संस्कृत लेखन, वाचन, पठन, व्याकरण तथा नवाचारी शिक्षण विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के प्रत्येक दिन की शुरुआत संस्कृत प्रार्थना एवं श्लोक उच्चारण से की गई। प्रतिभागियों ने सभी सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय-वस्तु पर गंभीर मंथन किया तथा कक्षा-कक्ष में नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य ने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता तभी है, जब प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान, नवाचारी विधियों एवं संकल्पनाओं को शिक्षक अपने कक्षा-कक्ष में प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता प्रतिभा न्योला, व्याख्याता सरिता नूनिया, संदर्भ व्यक्ति सुरेश चंद्र शर्मा, निरंजन शर्मा, मुकेश जांगिड़ सहित अन्य उपस्थित जनों ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## बरसों पुरानी पानी की राईजिंग लाइन को बंद करने से बढ़ी परेशानी

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जसवंतगढ़ की बरसों पुरानी पानी की राइजिंग लाइन को बंद कर आसोटा पदमपुरा ग्राम में खोल देने से पूरे क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है। राइजिंग लाइन शिफ्ट होने के बाद से जसवंतगढ़ में सड़क किनारे बसे अनेक घरों और संस्थाओं में पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जसवंतगढ़ में तो पहले ही समस्या थीए अब इस समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौखिक और में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी कोई निराकरण नहीं हुआ। जसवंतगढ़ कस्बे को वर्षों से सड़क किनारे घरों व संस्थानों में इस एक ही राइजिंग लाइन से पानी मिल रहा था। विभाग ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए इस लाइन को बंद कर आसोटा पदमपुरा ग्राम से जोड़ दिया। इसके बाद से जसवंतगढ़ के वार्ड 3, 5 और मुख्य बाजार क्षेत्र में नलों से पानी आना बंद हो गया। स्कूल, और बस स्टैंड के पास दुकानों में भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें टैंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे लोगों पर बेवजह का आर्थिक बोझ बढ़ गया है। ग्रामवासियों का आरोप है कि अधिकारियों को बताने देने के बावजूद विभाग ने अभी तक मौके का निरीक्षण तक नहीं किया। न ही कोई समाधान दिया गया।

## आज सुबह 6 घंटे बंद रहेगी बिजली

**तारानगर ( नवयत्न )।** अवसरचना निर्माण कार्य के चलते 26 जुलाई को सुबह 6 घंटे बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता 132 केवी जीएसएस तारानगर सुभाष चंद मीणा ने बताया कि निर्माणाधीन 220 केवी जीएसएसए चैनपुरा सादुलपुर से निकलने वाली नई 132 केवी चैनपुरा-चुरू लाइन के निर्माण कार्य के लिए 132 केवी सादुलपुर-तारानगर लाईन का शटडाउन रहेगा। शटडाउन होने के कारण 132 केवी जीएसएस तारानगर से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडर - तारानगर सिटी, साहवा पीमसी, आनंदसिंह पुरा पीमसी राजपुरा एवं बांय की विद्युत आपूर्ति 26 जुलाई रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 6 घण्टे बंद रहेगी।

## परिवेदना निस्तारण समिति गठित करने की मांग



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** संस्कृत शिक्षा विभाग में हाल ही पिछले दिनों हुए तबादलों को लेकर पीड़ित शिक्षकों को राहत प्रदान करने हेतु सामान्य शिक्षा विभाग की तरह स्थानांतरण आदेशों हेतु संस्कृत शिक्षा विभाग में भी परिवेदना निस्तारण समिति गठित करने की मांग को लेकर राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने आयुक्त संस्कृत शिक्षा को पत्र प्रेषित किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ के अनुसार पत्र में निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा जारी आदेशानुसार सामान्य शिक्षा में स्थानान्तरण आदेशों के संबंध में परिवेदना निस्तारण समितियों का गठन किया जाकर स्थानांतरण से पीड़ित शिक्षकों से ई-मेल के माध्यम से 20 से 24 जुलाई 2026 को सायं 06 बजे तक परिवेदना भिजवाने के लिए दिशा निर्देश जारी होने का हवाला देते हुए संस्कृत शिक्षा विभाग में भी अविलम्ब समिति गठित कर निर्देश जारी करने का निवेदन किया गया है। संस्कृत शिक्षा विभाग में स्थानांतरण से पीड़ित शिक्षकों के लिए न तो अब तक समिति का गठन किया गया है और ना ही परिवेदना भिजवाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जो खेद का विषय है। कमेटी गठित नहीं होने से विभागीय कार्मिकों में गहरा असन्तोष व्याप्त है। जो निश्चित रूप से विचारणीय है। संगठन ने सामान्य शिक्षा विभाग की तरह ही संस्कृत शिक्षा विभाग में भी स्थानांतरण पीड़ित कार्मिकों के लिए अविलम्ब परिवेदना निस्तारण समिति का गठन कर परिवेदना भिजवाने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का निवेदन किया गया है। प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि आयुक्त को लिखे पत्र की प्रति मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री अतिरिक्त मुख्य सचिव संस्कृत एवं उप शासन सचिव संस्कृत शिक्षा को प्रेषित की गयी हैं।

## आक्रोश रैली निकाली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में चल रहे आन्दोलन के समर्थन में सुजानगढ़ के गांधी चौक से लेकर गणेश मंदिर तक विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई। एसएफआई, भीम आर्मी, किसान सभा, जनवानी नौजवान सभा द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान गणेश मंदिर चौराहे पर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका गया और उनके इस्तीफे की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के बाद एडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया और मृतक छात्रों के परिजनों को मुआवजा दिये जाने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, देश के बच्चों से माफी मांगने, हिंसा करने वाले पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्यवाही करने, आन्दोलनकारी छात्रों के साथ भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही नहीं करने, सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली पर सुनियोजित हमले को बंद करने की मांगे की गई। वहीं प्रदर्शन के दौरान कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट तिलोकचंद मेघवाल, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, दीनदयाल गुलेरिया, इकबाल खां कायमखानी, गौरव स्वामी, जगदेव बेड़ा, वीरेंद्र सिंह, शशिकान्त वाल्मीकि, ओंकारमल, ओंकारमल मेघवाल, राजकुमार इंदोरिया, लालचंद बैदी, अरविंद विश्वेंद्रा, हेमंत ढाका, सागर, राजा खान, मोनू सहित बड़ी संख्या में छात्र और कुछ छात्राएं मौजूद रहे। एहतियात के तौर पर पुलिस जाब्ता भी प्रदर्शन व रैली के साथ चलता रहा।

# ऑपरेशन म्यूल हंटर में साइबर ठग गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने राज्यव्यापी विशेष अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी भोले-भाले लोगों को झांसे और लालच में लेकर उनके बैंक खाते हासिल करता था, उनमें फर्जी मोबाइल नंबर रजिस्टर कर ऑनलाइन ठगी की रकम डलवाता था। आरोपी के मोबाइल की जांच में विभिन्न बैंक खातों से जुड़े 100 से अधिक संदिग्ध ट्रांजेक्शन और 100 से ज्यादा अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर भेजे गए फर्जी क्रेडिट मैसेज मिले हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने राज्यव्यापी विशेष अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में लिप्त एक आरोपी साजिद खान पुत्र अली मोहम्मद निवासी मेव मोहल्ला, खोह, जिला डीग को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है और उससे जुड़े अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले लोगों को लालच या झांसा देकर उनके बैंक खाते अपने कब्जे में लेता था। इसके बाद उन खातों में फर्जी मोबाइल नंबर दर्ज कराकर अलग-अलग लोगों को बैंक अधिकारी बनकर कॉल करता और उनके मोबाइल पर रुपये जमा होने के फर्जी एसएमएस भेजता था। इसके जरिए लोगों से ठगी कर रकम फर्जी खातों में मंगाई जाती थी और बाद में ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से नकद निकासी कर ली जाती थी। शिकायत मिलने पर आरोपी बैंक खाते और मोबाइल नंबर बदलकर फिर नई वारदात को अंजाम देता था। पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रकाश बिश्नोई के अलावा उपनिरीक्षक रामफूल तथा कांस्टेबल धीरज, बजरंग लाल, रविंद्र सिंह और सन्नी कुमार शामिल रहे। कार्रवाई में कांस्टेबल धीरज और बजरंग लाल की विशेष भूमिका रही।

# यूथ सीएलजी बैठक आयोजित

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** शनिवार को पुलिस थाने में सीआई उमाशंकर शर्मा की अध्यक्षता में युथ सीएलजी सदस्यों की बैठक बुलाई गई जिसमें युवाओं को नशे व अपराधिक गतिविधियों से दुर रहने और यातायात नियमों की पालना करने तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु चर्चा करते हुए जानकारी दी। सीआई शर्मा ने बताया कि वर्तमान दौर में युवा वर्ग नशे के आदि होकर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो रहे जिससे एक ओर परिवार व आमजन परेशान हैं साथ ही नशे के कारण शिक्षा से भी दूरी बन रही है इसको देखते पुलिस प्रशासन की यही अपिल है कि स्वयं नशे से दूर रहे और अपने दुसरे साथियों को भी इससे दुरी बनाने के लिए प्रेरित करे। शर्मा ने कहा कि युवक ज्यादातर दुपहिया वाहन और कार वगैरह का उपयोग कर रहे लेकिन यातायात नियमों का पालन नहीं कर लापरवाही पूर्वक वाहनों को तेज रफ्तार में चला रहे हैं इससे दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है।



आप संकल्प लें कि जब भी वाहन चलाएंगे तब आप व अपने परिवार के सदस्यों तथा अपने युवा दोस्तों को यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही कभी भी नशा कर वाहन नहीं चलाने एवं घर से निकलते समय सर पर हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे। सीआई ने बताया कि देश में अलग-अलग तरीके से बढ़ रहे साइबर अपराधो से भी सावधान व सतर्क रहना है। मोबाइल पर अंजान नंबरों से दुर रहे और किसी भी तरह के लालच में नहीं आए इस पर भी अगर ठगी का शिकार हो जाये तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। इस बैठक में बिसाऊ सहित ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया और अधिकारी से जानकारी ओर अपने सुझाव साझा किए।

## जयपुर टाइगर फेस्टिवल में बाघ संरक्षण पर मंथन 29 जुलाई को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में सुबह 8:30 से 10 बजे तक बाघ संरक्षण-संवाद आयोजित किया जाएगा। जयपुर टाइगर फेस्टिवल के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में बाघ संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा भारतीय संस्कृति में बाघ और शेर के महत्व पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। संवाद में प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार, गायक एवं वन्यजीव संरक्षक अभिषेक रे, सरिस्का टाइगर रिजर्व एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के पूर्व फील्ड डायरेक्टर सुनयन शर्मा तथा वन्यजीव फोटोग्राफर आरजू खुराना वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य एवं संचालन साहित्य अकादमी सम्मानित साहित्यकार और स्तंभकार डॉ राजेश कुमार व्यास करेंगे। कार्यक्रम संयोजक अरुण नारंग ने बताया कि संवाद में बाघ और शेर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा होगी। वहीं सह-संयोजक शुभम अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाघ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए समाज में जन-जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। संवाद के दौरान जयपुर टाइगर फेस्टिवल और प्रोजेक्ट टाइगर के माध्यम से बाघों, वनों और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

## चेक बाउंस के आरोपी को 1 वर्ष का कारावास

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** चेक बाउंस के एक मामले में अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर राकेश चौधरी ने आरोपी मोहम्मद तारिफ पुत्र कयुम अली निवासी वार्ड नंबर 3 करनी कॉलोनी अजीतगढ़ तहसील श्रीमाधोपुर को 1 वर्ष का कारावास व 1 लाख 65 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित करने का निर्णय सुनाया। मामले के अनुसार परिवादी सीताराम मित्तल पुत्र जगदीश मित्तल निवासी वार्ड नंबर 3 श्याम कॉलोनी अजीतगढ़ के अधिवक्ता पूरणमल शर्मा ने बताया कि 12 सितंबर 2017 को निजी आवश्यकता के लिए आरोपी मोहम्मद तारिफने परिवादी सीताराम मित्तल से 1 लाख रुपए उधार लिए, इसके भुगतान के लिए आरोपी ने 1 लाख रुपए का चेक परिवादी को दिया जो अपर्याप्त निधि होने से अनादरित होकर परिवादी को 14 नवम्बर 2017 को लौटा दिया गया। इसके बाद परिवादी ने 22 नवम्बर 2017 को जरिए अधिवक्ता बकाया राशि के भुगतान हेतु नोटिस दिया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर परिवादी ने न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया। मामले में न्यायालय ने उभयपक्षों की सुनवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद तारिफ को 1 वर्ष का साधारण कारावास व क्षतिपूर्ति राशि 1 लाख 65 हजार रूपए न्यायालय में जमा करवाने के आदेश दिए। क्षतिपूर्ति राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। परिवादी की ओर से अधिवक्ता पूरणमल शर्मा ने पैरवी की।

# तीन माह से श्वासनली में फंसी मूंगफली निकाली, ऑटिज्म पीड़ित मासूम के फेफड़े को बचाया

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के विशेषज्ञों ने तीन वर्षीय ऑटिज्म पीड़ित बच्चे की श्वासनली में तीन महीने से फंसी मूंगफली और उसका छिलका सफलतापूर्वक निकालकर उसके फेफड़े को संभावित स्थायी क्षति से बचाया। ऑटिज्म के कारण बच्चा अपनी परेशानी बता नहीं सका, जिससे बीमारी का पता लगाने में देरी हुई। बच्चा पिछले तीन माह से लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, रात में बेचैनी और नींद में बाधा से परेशान था। प्रारंभ में उसका उपचार अस्थमा मानकर किया गया, लेकिन लाभ नहीं मिला। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल में डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने जांच के दौरान परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर सीटी स्कैन कराया, जिसमें बाईं श्वासनली में करीब 4.6 मिमी आकार की छिलके सहित मूंगफली फंसी मिली और आसपास के ऊतकों में सूजन पाई गई। इसके बाद डॉ. शर्मा के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत करीब 20 मिनट की रिजिड ब्रोंकोस्कोपी कर मूंगफली सुरक्षित निकाल दी। उपचार के बाद बच्चे की सभी तकलीफें दूर हो गईं और अगले दिन उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों में भोजन या छोटी वस्तु का श्वासनली में फंसना सामान्य है, लेकिन समय पर पहचान नहीं होने पर फेफड़ों को स्थायी नुकसान हो सकता है। वहीं, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता अनुभवी मल्टीडिसिप्लिनरी टीम, आधुनिक तकनीक और रोगी-केंद्रित उपचार का परिणाम है।

# सरस्वती स्कूल के सैनी को कक्षा 12 के साथ नीट में सफलता

निसं



**नवलगढ़ (नवयत्न)।** सरस्वती स्कूल बलवन्तपुरा के छात्र शिवम सैनी ने नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शिवम ने कक्षा 12 के साथ स्कूल में ही नीट की तैयारी की। लगातार दूसरे वर्ष नीट में परिणाम देकर सरस्वती स्कूल ने साबित किया कि स्कूलिंग के साथ नीट में सफलता संभव है। हनुमान की ढाणी, नवलगढ़ निवासी शिवम सैनी पुत्र रामचन्द्र सैनी ने नीट 2026 में 551 अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि शिवम कक्षा 9 से विद्यालय में अध्ययनरत है। शिवम ने कक्षा 12 में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी ने कठिन परिश्रम किया जिससे यह सफलता सम्भव हुई है। उन्होंने विद्यार्थी, अभिभावक व सभी शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमन्त दाधीच ने बताया कि विद्यालय अब बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ कॉम्पीटीशन परीक्षाओं में भी शानदार परिणाम दे रहा है। विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11 व 12 के साथ नीट, जेईई की तैयारी करवाई जाती है। विद्यालय ने लगातार दूसरे वर्ष नीट में सफलता प्राप्त कर इतिहास रचा है। गौरतलब है कि हाल ही में जेईई परिणाम में भी कक्षा 12 के साथ 2 विद्यार्थियों ने आईआईटी व 2 अन्य विद्यार्थियों ने शीर्ष तकनीकी संस्थानों में प्रवेश पाया है। परिणाम की सूचना से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

# पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** नोडल पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम जसवंतगढ़ में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ हरकेश कुमार दानोदिया ने बताया कि शिविर में आयोजित संगोष्ठी में कुल 51 पशुपालकों को पशु बांझपन निवारण के बारे जानकारी प्रदान की गई तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पशुपालकों को खनिज लवण और कृमि नाशक दवा का वितरण करते हुये बांझपन से ग्रसित पशुओं का उपचार किया गया। शिविर प्रभारी ने बताया कि शिविर में मुनेश एलएसआई जुगल किशोर जांगिड़, विजयपाल डारा, देव जोशी और आत्मा राम आदि ने सहयोग किया।

# लियो क्लब ने विशेष बच्चों के साथ बाँटी खुशियाँ, कराया अल्पाहार




सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** लियो क्लब सीकर द्वारा दशरथ मनोविकास संस्थान में निवासरत विशेष बच्चों के लिए अल्पाहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब सदस्यों ने बच्चों के साथ आत्मीयता से समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। क्लब अध्यक्ष लियो दीपांशु मित्तल ने बताया कि संस्थान में रहने वाले बच्चों को प्रतिदिन नियमित भोजन तो उपलब्ध होता है लेकिन क्लब ने बच्चों को कुछ अलग और उनकी पसंद का स्वाद देने के उद्देश्य से बर्गर, फ्रूटी, चिप्स, कुरकुरे आदि का अल्पाहार कराया। बच्चों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ अल्पाहार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि समाज के विशेष बच्चों के साथ समय बिताना और उन्हें खुशियाँ देना क्लब के लिए अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा। इस अवसर पर क्लब डायरेक्टर सज्जन अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, स्नेहा खेतान, क्लब सचिव अजय मित्तल, रितिका गोयल, जितेंद्र खेतान, रश्मि बेरीवाला, यशवी, काव्य, तन्मय, प्रियांक सहित क्लब के अनेक सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# कारगिल विजय दिवस मनाया

निसं




**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के राजोता में शनिवार को खेतड़ी विकास समिति की ओर से कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक कैप्टन नाथू राम चेजारा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संतोष सैनी ने की। कार्यक्रम के सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी भावनाएँ व्यक्त की। विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी, देशभक्ति गीत, मंच नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शहीद की देशभक्ति और बलिदान की भावना पर आधारित एक अद्भुत नाटकीय प्रस्तुति रही, जिसने समारोह में मौजूद सभी दर्शकों को भाव-विभोर और मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन नाथूराम चेजारा ने कहा कि कारगिल का युद्ध देश के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा देकर गया है। कारगिल युद्ध में प्रदेश व देश के अनेक वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। आज हिंदुस्तान का घर सुरक्षित है तो देश के वीर सैनिकों की वजह से सुरक्षित है, जो हर समय देश की सरहद की सुरक्षा करते हैं। देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। भारतीय सेना के जवानों ने देश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धा हमारे लिए पूजनीय होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर उचित धारणा के लिए प्रेरित करना चाहिए। झुंझुनू जिले के शौर्य की मिट्टी में जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में देशभक्ति प्रस्तुति देने वाले बच्चों का सम्मान किया। इस मौके पर संध्या शर्मा, मनोज सैनी, हिमांशु कुमावत, पूजा कुमावत, मुकेश कुमारी, कमल सैनी, मधु सैनी, सुमन शर्मा, रिया शर्मा, दीपा स्वामी, मनीषा देवी, मनीषा, कैलाश सैनी, मुस्कान निर्वाण, राजेश कुमार, रूचि, किरण, राजकुमार, मनोज मेहरड़ा, दिनेश चौहान, रमेश सैनी, आशा देवी, विमला, गजेंद्र, मधुर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को पढ़ाया शहरी स्वछता का पाठ

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को स्वच्छता और सीवरेज परियोजना की जानकारी दी। कैप रुडीप के असलम खान ने स्वच्छता और सिवरेज परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि आपके घर के स्नानघर, रसोईघर व शौचालय को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। इसलिए सीवर लाइन बिछाने में सकारात्मक सहयोग देवे एवं आपकी कॉलोनी में अभी सीवरेज कनेक्शन किये जा रहे है तो आप भी कनेक्शन करवाये। उन्होंने सीवरेज के फायदों के साथ ही सीवरेज की कार्य प्रणाली को समझाया। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार के ठोस पदार्थ, खिलौने, कचरे और प्लास्टिक बैग को सीवरेज में ना डाले इससे सीवरेज अवरुद्ध हो जाता है रुकावट आती है। साथ ही वर्षा जल को भी इसमें प्रवाहित नहीं करें और बताया कि उपचारित पानी का भी पुन: उपयोग किया जाता हैं। इससे नगर पालिका को आय होगी जो शहर के विकास में काम आएगी। साथ ही पर्यावरण स्वछता के फायदे बताये। प्रधानाचार्य इमरान खान ने कहा कि यह परियोजना शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देगी। इससे न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी व्यापक लाभ मिलेगा।

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा युवाओं के संघर्ष की जीत : खाचरियावास

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देश के युवाओं के लंबे संघर्ष की जीत और केंद्र सरकार के घमंड की हार बताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से हुए आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया। खाचरियावास ने कहा कि इस आंदोलन ने साबित किया कि धर्म और जाति से ऊपर उठकर देशभर के युवाओं ने शिक्षा और छात्र हितों के मुद्दे पर एकजुटता दिखाई। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष में सोनम वांगचुक के लंबे अनशन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में शिक्षा के मुद्दे पर उठाई गई आवाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने केंद्र सरकार से युवाओं को रोजगार, महंगाई से राहत और बेरोजगारी के समाधान पर गंभीरता से काम करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि होती है और शांतिपूर्ण जनसंघर्ष परिवर्तन का माध्यम बनता है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन




निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के निजामपुर मोड़ पर शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से विरोध-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधान मनीषा गुर्जर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कराने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लेने की मांग की गई। प्रधान मनीषा गुर्जर ने बताया कि देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

पेपर लीक होने से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जब उसका विरोध किया जाता है तो लाठियां बरसा कर उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने में पूरी तरह से नाकाम होने के बावजूद भी युवाओं पर दमनकारी नीतियां अपना कर युवाओं को जेल में बंद कर उनके भविष्य को खराब कर रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक मांगों को बलपूर्वक दबाना उचित नहीं है और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान नगर केवलराम गुर्जर, रमेश पांडेय, शंकर बीलवा, भागीरथ गुर्जर, बीरबल, विनोद कुमार, पायल नायक, रुडाराम, रामेश्वर लाल, दयानंद लाम्बा, दिलीप चारावास, राजेंद्र, कृष्ण कुमार, रामशरण लादी, सुरेंद्र चारावास, राजवीर, चुन्नीलाल चनेजा, दिलीप चारावास, अशोक, अमर सिंह, प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नूआं की बेटी राजबाला महला बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

रघुवीर जोशी




**मण्डावा (नवयत्न)।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि नूआं की बेटी राजबाला महला ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। कप्तान शुभकरण महला ने जानकारी देते हुए बताया कि राजबाला महला, जो बजरंग लाल महला की पुत्री एवं राकेश कुमार बसेड़ा की पत्नी हैं ने संस्कृत विषय में 28वीं रैंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। राजबाला की इस सफलता से उनके पीहर एवं ससुराल दोनों परिवारों का नाम रोशन हुआ है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पति राकेश कुमार, सास-ससुर, पूर्व एसीबी प्रमुख रामनिवास बसेरा, माता-पिता तथा भाई सुभाष महला पूर्व अतिरिक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को दिया। वर्तमान में राजबाला महला राजमल राजकीय वरिष्ठ उच्च संस्कृत विद्यालय, धिरणिया बड़ा में हिंदी प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

# पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव शुरू

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे में अंजनी माता मंदिर परिसर में पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को मंदिर परिसर में व्यास पीठ पर तुलसीराम पांडे द्वारा संगीतमय नानी बाई रो मायरो का शुभारंभ हुआ जिसमें भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य यजमान राधेश्याम पारीक ने आरती उतार कर महाराज का आशीर्वाद लिया कार्यक्रम में राजलदेसर के दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। प्रथम दिन पंडाल में महिलाओं की संख्या अत्यधिक थी।

# क्विज व पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** डाकघर झुंझुनू द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदावास में फिलेटली क्विज प्रतियोगिता एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 प्रतिभागियों को डाक विभाग की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामावतार सैनी ने की। इस अवसर पर डाक विभाग के प्रतिनिधि नरेश गुर्जर, सुनील भैड़ा एवं संजय के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# विद्यार्थियों को दी सीपीआर की जानकारी



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगराजपुरा में छात्र-छात्राओं को सीपीआर की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहिताश यादव ने बताया की सीपीआर एक ऐसी तकनीक है जो दिल का दौरा पड़ने या साँस रुकने पर शरीर में रक्त और ऑक्सीजन का संचार चालू रख सकती हैं और इसके माध्यम से लोगों की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में सीपीआर प्रशिक्षण प्राप्त शारीरिक शिक्षक अंजू चौधरी और राजेंद्र गुर्जर ने बताया की इस तकनीक में पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी छाती के बीच में हाथ रखकर एक मिनट में सौ से एक सौ बार जोर-जोर से दबाया जाता है ताकि फेफड़ों तक ऑक्सीजन आसानी से पहुँच सके।



# डिजिटल साक्षरता एंव साइबर क्राइम पर जागरूकता शिविर आयोजित

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की राजकीय महादेव जालान स्कूल में महिला अधिकारिता विभाग की और से डिजिटल साक्षरता एंव साइबर क्राइम पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट कांता स्वामी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। पूजा राठौड़ ने हेल्पलाइन व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम के अंत मे एक पेड़ मां के नाम एंव हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पेड़ लगाने की शपथ दिलाकर 151 पेड़ वितरित किये गए। कार्यक्रम में अर्चना, सन्तोष, प्राचार्य दिनेश महर्षि, संस्था प्रधान अनम भारद्वाज, भानुप्रकाश शर्मा, सरोज नोहल, नीतू शर्मा, शारदा शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा दीक्षा शर्मा, मंजुलता, दलीपसिंह, उषा यादव, मनोरमा कसेरा, भावना आत्रेय, सोहनलाल सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# कड़े कानून कितने प्रभावी




बीते दो-तीन दिनों में परीक्षाओं और विशेष रूप से मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा नीट के पेपरलीक होने के मामले में केंद्र सरकार ने जो अनेक कदम उठाए, उनसे यह कहना कठिन है कि काकरोच जनता पार्टी और विपक्षी दल संतुष्ट होंगे, क्योंकि वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र पर अड़े हैं। इसमें संदेह है कि सरकार इस मांग पर सहमत होगी, लेकिन उसे यह तो सुनिश्चित करना ही चाहिए कि परीक्षाओं में पेपरलीक की समस्या का वास्तव में समाधान हो। यह ठीक है कि उसने पेपरलीक के आरोपितों के मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुने जाने की व्यवस्था करने के साथ ही सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम को कठोर करने का फैसला किया है, लेकिन इसकी अनदेखी न की जाए कि इस कानून को 2024 में भी कठोर किया गया था और इसके बाद भी पेपरलीक हुए। न केवल केंद्रीय परीक्षाओं के पेपरलीक हुए, बल्कि राज्यों की परीक्षाओं के भी।

स्पष्ट है कि कानूनों को कठोर करने मात्र से समस्या का समाधान होना तब तक कठिन है, जब तक दोषियों को समय रहते सख्त सजा नहीं मिलती। इस मामले में अभी तक का अनुभव कोई अच्छा नहीं रहा। गिनती के मामलों में ही पेपरलीक के दोषियों को दंड का भागीदार बनाया जा सका है, क्योंकि जांच एजेंसियों और अदालतों के तौर-तरीके में कोई ठोस बदलाव नहीं हुए। यह एक तथ्य है कि सीबीआइ 2024 के नीट पेपरलीक मामले के मुख्य अभियुक्त के खिलाफ पुख्ता प्रमाण नहीं जुटा सकी।

यह समझा जाए कि पेपरलीक संबंधी कानून को कठोर करने के साथ ही ऐसी व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता है, जिससे किसी परीक्षा में सेंध ही न लग सके। इसके लिए एनटीए और परीक्षाएं आयोजित-संचालित कराने वाली ऐसी ही अन्य संस्थाओं के कामकाज को भी सुधारना होगा। यह एक विडंबना ही है कि एनटीए का गठन केंद्रीय परीक्षाओं को सही तरह से कराने के लिए ही किया गया था, लेकिन यह संस्था अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी।इसका एक कारण यह है कि वह परीक्षाओं के आयोजन में बाहरी सलाहकारों और विशेषज्ञों पर निर्भर हैं। क्या यह विचित्र नहीं कि जिस संस्था पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, उसके पास मामूली स्थायी स्टाफ है? हमें इस सच का भी सामना करना होगा कि कुछ मामलों में शिक्षक ही पेपरलीक में लिप्त पाए गए। नीट के पेपर भी शिक्षकों ने लीक कराए। यह नैतिक पतन का शर्मनाक उदाहरण है।

नैतिकता के इस पतन के कारण ही हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार पनप रहा है- शिक्षा और परीक्षा के क्षेत्र में भी। संकट यह है कि भ्रष्ट तत्वों को दंडित करने के मामले में सरकारें कोई उदाहरण पेश नहीं कर सकी हैं। जिस समाज में भ्रष्ट तत्व फलते-फूलते जा रहे हों, वहां कठोर होते कानून एक सीमा तक ही प्रभावी हो सकते हैं।

## विशेष आलेख

# राम मंदिर ट्रस्ट सीईओ के लिए अनावश्यक शर्त



श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदकों की बड़ी संख्या को देखते हुए फिलहान नियुक्ति को कुछ समय के लिए आगे बढ़ा दिया है, लेकिन इसे लेकर कुछ सवाल भी उठे हैं। आवेदन से जुड़ी अपेक्षाओं में सीईओ के कर्तव्यों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

ये श्रेणिया हैं-मुख्य परिचालन एवं प्रशासनिक कर्तव्य, तीर्थयात्री प्रबंधन तथा सुरक्षा और सांस्कृतिक एवं संस्थागत संरक्षण। पहली दो श्रेणियां विशुद्ध प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रकृति की हैं। जबकि तीसरी श्रेणी धार्मिक अनुष्ठान पर्यवेक्षण के अंतर्गत यह उल्लेख है कि धार्मिक अनुष्ठानों, उत्सवों और मंदिर समारोहों के सुचारु, व्यवस्थित एवं पारंपरिक संचालन को सुगम और सुनिश्चित करना।

सीईओ से यह भी अपेक्षा होगी कि वह उन पुजारियों-पुरोहितों को वे सभी आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग प्रदान करे, जो ऐसे समारोहों का संचालन करते हैं। ऐसी अपेक्षा इसलिए, क्योंकि इन कार्यक्रमों की प्रकृति पूरी तरह धार्मिक होगी, जिनके लिए उसके पास आवश्यक विशेषज्ञता का संभवतः अभाव होगा।

सीईओ के लिए निकले विज्ञापन में सक्रिय हिंदू होना अनिवार्य किया गया है। इस अनिवार्यता में कोई बुराई नहीं कि सीईओ को हिंदू होना ही चाहिए, लेकिन इसका दूसरा पहलू कुछ चिंतित करने वाला है। पिछले पांच सौ वर्षों के दौरान हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदू धर्म के विभिन्न संप्रदायों के मतभेदों को दूर करने की दिशा में जो भी प्रगति हुई है, यह प्रविधान उसे पलटने की आशंका लिए हुए है।

यहां तक कि यह भाव श्रीराम के अनन्य भक्तों में से एक गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस में व्यक्त भावना के भी विपरीत है। यह बात अब लगभग विस्मृत कर दी गई है कि तुलसीदास के समय में शैव और वैष्णव भक्तों के बीच गहरा मतभेद और वैमनस्य था। यह प्रतिद्वंद्विता आज भी देश के कुछ हिस्सों में मौजूद है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों से यह काफी हद तक समाप्त हो चुकी है। इसलिए इस पर आश्चर्य हुआ कि राम मंदिर में सीईओ के लिए किसी वैष्णव को प्राथमिकता देने का उल्लेख क्यों था?

जब हिंदुओं को विभाजित करने वाली कोई बात मुझे व्यथित करती है तो स्मृति बचपन के दिनों की ओर लौट जाती है और मुझे दो मित्र-भाई याद आते हैं। इनमें से एक सेवानिवृत्त आइएएस हैं और दूसरे एक वरिष्ठ वकील। दोनों ही श्रीराम के परम भक्त हैं और रामचरितमानस के मर्मज्ञ। जब मैंने सीईओ पद पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में रामभक्त वैष्णव को प्राथमिकता की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया तो उन्होंने जवाब में मुझे रामचरितमानस की कई ऐसी चौपाइयां और दोहे भेजे, जिनमें यह उल्लेख है कि स्वयं प्रभु श्रीराम भगवान शिव के विषय में क्या कहते हैं, सिव द्रोही मम भगत कहावा।

सो नर सपनेहुं मोहि न पावा॥ संकर बिमुख भगति चह मोरी। सो नारकी मूढ़ मति थोरी॥ ऐसा ही एक उदाहरण भगवान श्रीराम के अयोध्यावासियों को संबोधन का है, जिसमें वे कहते हैं, औरउ एक गुपुत मत सबहि कहउं करि जोरि। शंकर भजन बिना नर भगति न पावै मोरि॥ श्रीराम और महादेव के मध्य किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं और इसकी पुष्टि स्वयं दोनों के उद्गार करते हैं। उमा कहउं मैं अनुभव अपना। सत हरि भजनु जगत् सब सपना॥ जैसे दोहे के रूप में व्यक्त हुआ ऐसा ही एक भाव करोड़ों हिंदुओं के हृदय में बसा हुआ है।

जब स्वयं गोस्वामी तुलसीदास ने भक्ति भाव को लेकर ऐसे किसी विभाजन की राह को इतने प्रभावी ढंग से अवरुद्ध कर दिया कि आज शैव और वैष्णव के बीच अंतर की कोई बात नहीं करता, तब राम मंदिर के सीईओ के लिए वैष्णव को प्राथमिकता देने की शर्त की भला क्या ही आवश्यकता थी? यह संभव है कि देश के कुछ हिस्सों में हिंदू समाज के बीच यह भेद अभी भी कुछ हद तक कायम हो, लेकिन हिंदी भाषी क्षेत्रों में आम हिंदू बिना ऐसे किसी आग्रह के सभी मंदिरों में अपनी आस्था के साथ श्रद्धानवत होते हैं।

एक सामान्य श्रद्धालु प्रभु श्रीराम, देवाधिदेव महादेव और आदिशक्ति देवी के विभिन्न रूपों-स्वरूपों की पूजा-अर्चना समान भाव से करता है और लोग स्वयं को शैव, वैष्णव या शाक्त (देवी-भक्त) कसौटियों पर कसते हुए एक-दूसरे के साथ कोई भेद नहीं करते।

यह दलील दी जा सकती है कि राम मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले पुरोहित वैष्णव परंपरा के होने चाहिए, क्योंकि वही सभी रीतियों से भलीभांति परिचित होंगे, लेकिन यही पैमाना सीईओ पर लागू नहीं किया जा सकता। जब सरकार ने आइएएस अधिकारियों को प्रारंभिक ट्रस्ट का सदस्य बनाया और उन्हें इतने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे तब क्या उनके लिए वैष्णव होने की शर्त को वांछनीय माना गया था? प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से ऐसी किसी धार्मिक निष्ठा की अपेक्षा करना संवैधानिक और प्रशासनिक मर्यादा के भी विपरीत है। यह स्थिति तब और भी विरोधाभासी लगती है, जब स्वयं प्रभु श्रीराम और महादेव दोनों ने ही अपने-अपने भक्तों को एक-दूसरे का अनादर न करने की स्पष्ट चेतावनी दी है। हाल के घटनाक्रमों के चलते अयोध्या के राम मंदिर पर देश-दुनिया की निगाहें टिकी हैं। भले ही इसके निर्माण की राह सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय से प्रशस्त हुई हो, लेकिन प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर एक भव्य मंदिर करोड़ों हिंदुओं का स्वप्न रहा है और उसके साकार होने के बाद यह उनकी आस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण और भव्य प्रतीक बन चुका है। इसलिए ट्रस्ट को न केवल वित्तीय और प्रशासनिक मामलों में बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है, बल्कि उसे इसका भी विशेष ध्यान रखना होगा कि वह जाने-अनजाने ऐसे कोई संकेत न दे, जिससे हिंदुओं के बीच सदियों पहले गिर चुकी विभाजन की कोई दीवार फिर से खड़ी हो जाए। ट्रस्ट को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि सीईओ पद के लिए किसी व्यक्ति के वैष्णव होने को वांछनीय बताने वाली शर्त वापस ली जाए। वैसे तो आवेदन की अंतिम तिथि बीत चुकी है, फिर भी यदि ट्रस्ट चाहे तो इस शर्त को हटाने का कोई रास्ता निकाल सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### सिंह
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### कन्या
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### तुला
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### वृश्चिक
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### धनु
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### मकर
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### कुंभ
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### मीन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# एक साथ खाएं अश्वगंधा और विदारीकंद पुरुषों को मिलेंगे यह अनोखे फायदे

पुराने जमाने में लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए तमाम तरह की आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करते थे। आयुर्वेदिक औषधियों के शक्तिशाली गुण शरीर को हेल्दी रखने से लेकर बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद भी बहुत ही शक्तिशाली जड़ी-बूटी हैं। इनका सेवन करने से शरीर की कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। अश्वगंधा में मौजूद गुण शरीर को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं विदारीकंद सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार समेत कई गंभीर इन्फेक्शन से छुटकारा पाने के लिए फायदेमंद औषधि मानी जाती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन रामबाण होता है। अश्वगंधा और विदारीकंद दोनों ही बारहमासी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका इस्तेमाल शरीर की कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों के इलाज में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पुरुषों की कई गंभीर परेशानियों में अश्वगंधा और विदारीकंद फायदेमंद होते हैं।



### स्पर्म काउंट बढ़ाने में फायदेमंद
खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के चलते पुरुष लो स्पर्म काउंट की परेशानी का शिकार हो जाते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने से लो स्पर्म काउंट की समस्या दूर होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से स्पर्म काउंट तेजी से बढ़ता है।

### इनफर्टिलिटी में फायदेमंद
लो स्पर्म काउंट कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से पुरुष इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या का शिकार होते हैं। बांझपन या इनफर्टिलिटी से छुटकारा पाने के लिए रोजाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करना चाहिए।

### शीघ्रपतन से छुटकारा
शीघ्रपतन पुरुषों में होने वाली आम यौन समस्या है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को घी के साथ खाने से बहुत फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर शीघ्रपतन से छुटकारा पा सकते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाए
टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन की कमी के कारण पुरुषों को सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी परेशानियों के अलावा कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

### इरेक्टाइल डिसफंक्शन ठीक करने में फायदेमंद
इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या ठीक करने में अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण कॉर्टिसोल को ठीक करने में मदद करते हैं।

# यह आदतें दिमाग को अंदर से कर देती हैं खोखला


सही तरीके से जिंदगी गुजारने के लिए ब्रेन का फिट रहना जरूरी है। क्योंकि यही वो पार्ट है जो शरीर के फंक्शन को कंट्रोल में रखता है। हर मोड़ पर फैसला लेने के लिए आपको दिमाग की ही जरूरत पड़ती है। ऐसे में इसका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। हालांकि हमारी रोजाना की कुछ खराब आदतें हैं जिसकी वजह से आपका दिमाग अंदर से खोखला हो सकता है।



### ब्लू लाइट
मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट ना सिर्फ आंखों के लिए खतरनाक है बल्कि इससे आपका कॉग्निटिव फंक्शन भी प्रभावित हो सकता है। दरअसल सोते वक्त जब आप फोन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन यानी की स्लीपिंग हार्मोन को प्रभावित करती हैं इससे नींद में गड़बड़ी होती है और नींद का खराब पैटर्न याददाश्त में कमजोरी,चिड़चिड़ापन, तनाव, जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।

### स्ट्रेस
स्ट्रेस आपकी मेंटल हेल्थ को बुरी तरह से प्रभावित करता है। तनाव लेने से कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ सकता है। ये हार्मोन याददाश्त को बुरी तरह से प्रभावित करता है। लंबे समय तक तनाव में रहने से आपको याददाश्त से जुड़ी बीमारी हो सकती है। तनाव लेने से आप डिप्रेशन में भी जा सकते हैं।

### अकेलापन
अकेलापन आपके दिमाग को खोखला कर सकता है। अकेलापन आपको भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचाता है आप अपने दिल की बात किसी से शेयर नहीं कर पाते हैं। इससे चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ता है। नकारात्मक सोच आप पर हावी होती है।



### ज्यादा मीठा खाना
जरूरत से ज्यादा मीठा खाने से ना सिर्फ आपको डायबिटीज की शिकायत होती है बल्कि आपका दिमाग भी कमजोर हो सकता है। दरअसल जब ब्लड शुगर का स्तर ज्यादा होता है उनका मस्तिष्क अच्छी तरह से काम नहीं कर पाता है इससे भूलने की बीमारी हो सकती है।

### एक्सरसाइज न करना
दिमाग को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ऐसे में जब आप कोई भी शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं तो ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर कम होती है इससे बौधिक क्षमताएं कम होती है।

# बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें?

बच्चों को सही परवरिश देना हर माता-पिता की पहली अहमियत होती है। आज के समय में जब सब कुछ डिजिटल उपलब्ध है, तो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्वसाथ्य पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं या लंबे समय तक इस पर समय बिताते है। बहुत से पेरेंट्स बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई बार जरूरी पोषक तत्व नहीं देते हैं। जिस कारण बच्चों की ग्रोथ पर असर पड़ता है। आज के समय में बच्चे प्रोस्सेड फूड्स का सेवन ज्यादा करना चाहते है। यह फूड्स के सेवन से बच्चों का वजन बढ़ाने के साथ कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा भी बढ़ता हैं। बच्चों का शारीरिक विकास ठीक ढंग से हो। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रोटन, कैल्शियम और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। साथ ही शरीर के विकास के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें।

**बच्चों को साफ-सफाई के बारे में बताएं :** बचपन से ही बच्चों को साफ-सफाई के बारे में अवगत कराना जरूरी होता है। ऐसे में बाहर से आने के बाद बच्चों का ठीक से हैंडवॉश कराएं। खाना खाने से पहले और बाद में बच्चों को हैंडवॉश की अहमियत बताएं। बच्चों के साथ खुद भी हाथ को अच्छ से धोएं। बच्चों को इस रूटिन के लिए जागरूक बनाएं। ऐसा करने से संक्रमण से बचाव होता है।

**समय पर टीकाकरण :** बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। साथ ही टीकाकरण बच्चे के शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**बच्चों के साथ बातचीत करें :** बच्चे के मानसिक विकास पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप उनसे खुले दिल से बात करें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें कि बच्चा बिना डरे आपसे हर बात शेयर कर सकें। बच्चा अगर कोई बात बता रहा हो, तो उसे टोके नहीं बल्कि उसकी बात को ध्यान से सुनें।

**आत्मविश्वास को बढ़ाएं :** ऐसा बहुत बार होता हैं कि बच्चा कुछ करना चाहता हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाता है। ऐसे में बच्चों को बताएं कि गलतियों से सीखें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

# 15 साल से फरार 5 हजार का इनामी ठग गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आर्थिक अपराध के आरोपी और 5 हजार के इनामी बदमाश पुखराज जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 15 वर्षों से फरार था और उसके खिलाफ वर्ष 2010 में दर्ज प्रकरण में न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर उसे बीकानेर से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आर्थिक अपराध के आरोपी और 5 हजार के इनामी बदमाश पुखराज जैन भीनासर जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पुखराज जैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर आईटीयू म्यूचल फण्ड तथा अन्य निवेश योजनाओं में अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों से निवेश कराया। बाद में निवेशकों की राशि हड़प ली और धोखाधड़ी कर फरार हो गया। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय में धारा 299 सीआरपीसी के तहत चालान भी पेश किया जा चुका था।

आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया गया था। विशेष टीम ने लगातार प्रयास और मुखबिर तंत्र की सहायता से उसके बीकानेर में होने की सूचना जुटाई और कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गंगचंद, कांस्टेबल सीताराम और धर्मसिंह शामिल रहे। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल धर्मसिंह की विशेष भूमिका रही।

# दिल्ली छात्र आंदोलन के समर्थन में नौजवानों ने दिया सांकेतिक धरना



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** दिल्ली जंतर मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन में सरकार के दमन के खिलाफ तारानगर नौजवान साथियों ने अम्बेडकर सर्किल पर सांकेतिक धरना देकर उपवास रखा। उपवास पर कॉ विक्रम सोनी, श्रवण गडाना, मनोज कसवां, योगेश वर्मा व नवीन बैठे । अम्बेडकर सर्किल पर सुबह 9 बजे नौजवान साथियों ने उपवास रखते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, मृतक बच्चों के परिवारों को मुआवजा देने व पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने सहित माँगो पर नारेबाजी की । धरने पर किसान सभा के अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग, कॉ निर्मल कुमार, अमरसिंह पूनिया, कॉ उमराव, रामजी लाल कुलड़िया, मांगीलाल डोटासरा, भूमि बीरमी, पूजा कुमारी, चिमनाराम, संदीप नेहरा, अमर सिंह, कॉ किशन शर्मा, नितेश उपाध्याय, जय सिंह कुकना, विमला कालवा, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, साजिद टाक सहित अनेक नौजवान उपस्थित रहे। दोपहर बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा होने उपवास करने वालो को जूस व मिठाई खिलाकर उपवास तुड़वाया गया तथा मृतक बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई।

# होमगार्ड जवान ड्यूटी के साथ निभा रहे पर्यावरण संरक्षण का दायित्व



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर में सामाजिक कार्यकर्ता अजय वर्मा एवं आवाम ग्रुप झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में चौथी बार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 1100 पौधों का नि:शुल्क वितरण किया। यह अभियान लगातार चौथे वर्ष भी जारी रहा। अजय वर्मा अब तक अपने व्यक्तिगत प्रयासों से 7000 पौधे लोगों को वितरित कर चुके हैं। अजय वर्मा ने बताया कि बढ़ते तापमान, पर्यावरण प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उनका कहना है कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। आवाम ग्रुप सदस्य संदीप कुमार टंडन ने बताया कि यह अभियान केवल पौधे बांटने तक सीमित नहीं है बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास है। शहरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पौधरोपण अभियान से जुड़ने की अपील की। इस दौरान राजेश हरिपुरा, संदीप टंडन, प्यारेलाल भूपेश, सीताराम बास बुडाना, राकेश कुमावत, महेंद्र मीणा, नरेंद्र मीणा उपस्थित रहे।

# निरंकारी बाल समागम आज

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** संत निरंकारी मंडल शाखा कॉपर के तत्वावधान में दीनबंधु मैरिज पैलेस में रविवार को निरंकारी बाल समागम का आयोजन होगा। संयोजक घनश्याम दास ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा के मार्गदर्शन में बच्चों में बचपन से ही मानवीय गुण, नैतिक मूल्य एवं आध्यात्मिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से समागम के माध्यम से बच्चों को सेवा, प्रेम, सद्भासंत निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज द्वारा आध्यात्मिक जीवन के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

# भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मीणा का किया स्वागत

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कालूराम मीणा का सरदारशहर के श्यामनगर स्थित मीणा फार्म हाउस में जिला अध्यक्ष सुनील मीणा के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया तथा संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कालूराम मीणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और सक्रियता के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कालूराम मीणा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए प्रत्येक वर्ग के लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मीणा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का विश्वास जताया तथा सभी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा नेता मुरलीधर सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# एक पंचायत के दो गांव, अलग-अलग एसडीएम कार्यालय, ग्रामीण परेशान

**बिसाऊ (नवयत्न)।** एक पंचायत के आपस में सटे हुए दो गांवों के अलग-अलग एसडीएम कार्यालयों से जुड़े होना ग्रामीणों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं है। इन गांवों के ग्रामीणों को एसडीएम से संबंधित कार्य के लिए अलग-अलग उपखंड कार्यालयों में जाना पड़ता है। जबकि इन दोनों गांवों की तहसील एक ही है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने क्षेत्र के राजनेताओं और जिला प्रभारी मंत्री तथा संबंधित अधिकारियों को को देकर अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। पूर्व सरपंच जगदीश पूनिया ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुए बताया कि यह समस्या चंदवा ग्राम पंचायत की है। इस पंचायत का गांव खिदरसर मंडावा एसडीएम कार्यालय के और खुद चंदवा पंचायत मुख्यालय मलसीसर एसडीएम कार्यालय के अधीन है। जबकि चंदवा व खिदरसर दोनों गांव एक दूसरे से सटे हुए हैं। जब मंडावा उपखंड कार्यालय खुला तब पंचायत व उसके गांवों का विभाजन सही नहीं करने के कारण चंदवा को मलसीसर से और खिदरसर को मंडावा एसडीएम कार्यालय से जोड़ दिया गया।

यह दोनों गांव आपस में एक दूसरे से इतने अधिक सटे हुए हैं कि पता ही नहीं चलता कि चंदवा में हैं या खिदरसर में। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में दोनों गांवों को एक ही उपखंड कार्यालय से जोड़ने की मांग की है। इसी प्रकार कांट पंचायत के गांव बिदासर के साथ भी यही हो रहा है। बिदासर बिसाऊ तहसील का हिस्सा है जबकि उसे मलसीसर तहसील से जोड़ रखा है। इसके कारण गांव के कई ग्रामीण तहसील संबंधित कार्य करवाने के लिए मलसीसर तहसील में जाने के बजाय बिसाऊ तहसील में पहुंच जाते हैं। वहां पहुंचने पर ग्रामीणों को पता चलता है कि उनकी तहसील मलसीसर है। ऐसे में उन्हें मलसीसर जाना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ बसों में धक्के खाने की परेशानी उठानी पड़ती है। निराधनूं गांव भी मलसीसर तहसील से जुड़ा हुआ है। लेकिन ग्रामीण बिसाऊ तहसील पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों ने निराधनूं तक के गांवों को बिसाऊ तहसील से जोड़ने की मांग की है।

# सारोठिया स्कूल में मनाया कारगिल विजय दिवस



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम सारोठिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के पदाधिकारी व स्टाफ सचिव पुसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय में वरिष्ठ व्याख्याता लिछमण राम गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भारत माता की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर कारगिल आपरेशन विजय के अमर शहीदों को नमन करके उनकी शहादत को याद किया गया। लिछमण राम गोदारा ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करके राष्ट्र के विकास में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुसाराम स्वामी ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के साहसिक प्रसंग सुनाते हुए शेखावाटी के शहीदों के अदम्य साहस को रेखांकित किया। इस अवसर पर मूलाराम कताला, सुमित्रा गोदारा, श्रवण कुमार, दामोदर शर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत व कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन पुसाराम स्वामी ने किया।




# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर शनिवार को मण्डल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धर्मेंद्र प्रधान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहन लाल मेघवाल, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भागीरथ रेगर, वरिष्ठ नेता इदरीश खत्री, दौलत राम प्रजापत, भवानी सैनी, मोहम्मद शरीफ छींपा, राजेश स्वामी, संजय बारूपाल, रिजवान बगड़, जाकिर हुसैन बगड़, मनोज कताला, नेताराम मेघवाल, अनवर गौरी, अयूब गौरी, इमरान गौरी, जावेद बगड़, अख्तर बेहलीम, गिरधारी मेघवाल, कालू, रूपाराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पार्टी का लोकतांत्रिक संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# राती घाटी युद्ध पर व्याख्यान आयोजित

निसं



**बीकानेर (नवयत्न)।** मध्यकालीन भारत में बीकानेर के राव जैतसी ने राती घाटी युद्ध के उद्घोष के जरिये बाहरी ताकतों के विरुद्ध विजय का परचम लहराया। ये विचार महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित विस्तार व्याख्यान में बोलते हुए बीज वक्ता डॉ चक्रवर्ती नारायण श्रीमाली ने व्यक्त किये। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के डॉ श्रीमाली ने राती घाटी युद्ध पर स्वयं द्वारा लिखित पुस्तक से युद्ध की सविस्तार व्याख्या विद्यार्थियों से करते हुए कहा कि बीकानेर की धरती वीर बलिदानियों के रक्त से सिंचिन्त है। इससे पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में विद्यार्थियों से केंद्र के इतिहास के साथ-साथ क्षेत्रीय इतिहास के व पाठ्यक्रम के आसपास के इतिहास के अध्ययन पर भी बल देने का पुरजोर आह्वान किया। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से आरम्भ व्याख्यान कार्य म में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ गोपाल व्यास ने राती घाटी युद्ध को मध्यकालीन इतिहास के सर्वथा निर्णायक युद्ध में से एक बताया जिसमें बाहरी ताकतें स्थानीय शक्तियों के आगे परास्त हुई। मंच संचालन अतिथि शिक्षक डॉ मुकेश हर्ष द्वारा किया गया तो धन्यवाद ज्ञापन जसप्रीत सिंह द्वारा दिया गया। व्याख्यान पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भी मंच से राती घाटी युद्ध पर विचार प्रकट किये गये जिनमें भगवान जोशी, वंदना पुरोहित और संजना सुथार शामिल रहे। आयोजन में रिंकू जोशी, भगवान दास सुथार, डॉ संजना चौधरी, सुशीला बिश्नोई, बजरंग कलवानी और उमेश पुरोहित के अलावा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी शामिल रहे।

# गरीब की दुनिया सेवा संस्था की मासिक बैठक आयोजित

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** अलसीसर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने शनिवार को गरीब की दुनिया सेवा संस्था की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परमेश्वर लाल ने की। संस्था के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर ने बताया कि बैठक के दौरान समाज के दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

मुख्यमंत्री नि:शुल्क स्कूटी योजना के अंतर्गत उम्मेद, दुर्गा, सुनीता एवं सुमन के आवश्यक दस्तावेज तैयार कर उनके नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन करवाए गए। वहीं मूलचंद द्वारा राशन किट के लिए संस्था में आवेदन प्रस्तुत किया गया। दिव्यांग संदीप एवं अशोक के बस पास हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए तथा दिव्यांग दुर्गा का मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन भी नि:शुल्क करवाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नि:शुल्क पौधों का वितरण भी किया गया। संस्था के संस्थापक रमेश काला लादूसरिया ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सेवा नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि आगामी मासिक बैठक में संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन, विधवा महिलाएँ, गरीब एवं असहाय परिवार संस्था से जुड़कर लाभान्वित हो सकें। उन्होंने समाजसेवा के प्रति समर्पित लोगों से संस्था से जुड़कर सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया।

## श्री सरस निकुंज : श्रीशालिग्राम सरकार की पौढ़ावनी के साथ शयन दर्शन

जयपुर (नवयत्न)। आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज, दरीबा पान, सुभाष चौक में शनिवार को देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में नित्य ठाकुर जी की सेवा दर्शन के साथ विशेष ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। विविध प्रकार की सागारी सामग्रियों का भोग अर्पण किया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने ठाकुर सरकार की लाड़ सेवा करते हुए विशेष ऋतु फल एवं सुगंधित इत्र गुलाब, केवड़ा इत्यादि चरणों में अर्पित किया। सायंकाल की बेला में संध्या आरती के बाद 7 बजे से लेकर 9 बजे के क्रम में सामूहिक रूप से पद गायन हुआ। विशेष रूप से शयन की पदावलियों का गायन किया गया। इसके अंतर्गत निज मंदिर में शालिग्राम सरकार की सेवा करते हुए पौढ़ावनी के पद गाए गए। रंगीले रंग विलसो रंग भरी रैन, पौढ़े मिल रसिक रमण पिय प्यारी, पौढ़े रंग महल पिय गौरी, सुमन सेज पौढ़े मिल दम्पति पदावलियों के साथ सामूहिक कीर्तन करते हुए उत्सव का विश्राम हुआ। यह कार्यक्रम की जानकारी सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने दी।

# सड़क में धंसा पट्टी से भरा ट्रक



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की सेठ बंशीधर जालान स्कूल के पास पट्टीयों से भरा ट्रक धंसा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार जोधपुर पट्टीयों से भरा ट्रक सेठ बंशीधर जालान स्कूल के सामने वाली रोड़ से गुजर रहा था कि अचानक सड़क में धंस गया। उक्त सड़क पर एल एन टी कम्पनी द्वारा सीवरेज का कार्य होने के कारण सड़क पुन: सही कार्य नहीं होने से उक्त ट्रक धंस गया । ट्रक चालक ने बताया कि सड़क देखने में सही लग रही थी कि अचानक सड़क पोली होने से ट्रक धंस गया जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ। शहर गत वर्षों से चल रहे सीवरेज कार्य से शहर वासी काफी परेशान हो गए। घटिया निर्माण के कारण बार बार सड़क में वाहन धँस रहे है और आर्थिक नुकसान के साथ परेशानी भी हो रही है। इससे पूर्व भी महैन्दीपुर बालाजी मंदिर के पास सड़क में ट्रक धंस गया था।

# चोरी के प्रकरण में तीन आरोपी बरी

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** वर्ष 2014 में थाना छापर क्षेत्र के श्रीसाईनाथ मंदिर में हुई चोरी के बहुचर्चित प्रकरण में न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए तीन अभियुक्तों को दोषमुक्त करार दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर 2014 को श्री साईनाथ मंदिर के पुजारी संत कुमार ने मंदिर में चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस थाना छापर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्कालीन थाना अधिकारी के निर्देशन में अनुसंधान प्रारम्भ किया। अनुसंधान पूर्ण होने के बाद पुलिस ने अभियुक्त हीरालाल निवासी कुचामन सिटी, इम्तियाज उर्फ बराव, श्रवण, हाजी असलम तथा इमरान उर्फ उल्ली के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 380 एवं 457 के अंतर्गत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। आरोपियों के अधिवक्ता एडवोकेट मोहम्मद दयान ने बताया कि विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने पक्ष के समर्थन में 10 मौखिक गवाहों के बयान तथा 26 दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

दोनों पक्षों के विस्तृत तर्क-वितर्क एवं समस्त साक्ष्यों का परीक्षण करने के उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीश सुजानगढ़ पूनम राठौड़ ने अभियुक्त श्रवण, इम्तियाज उर्फ बराव तथा इमरान उर्फ उल्ली को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करने का निर्णय सुनाया। मामले में आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एडवोकेट मोहम्मद दयान ने पैरवी की। हीरालाल, हाजी असलम इस प्रकरण में फरार घोषित चल रहे हैं।

# बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से मिल सकते हैं ये फायदे

आज के समय में जब हर कोई अपनी फिटनेस को लेकर अधिक सजग हो गया है तो अमूमन लोग जिम में जाकर वर्कआउट करना पसंद करते हैं। जिम में कार्डियो, योगा के अलावा स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग भी जरूर की जाती है। स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग करते हुए वे अपने हर बॉडी पार्ट पर फोकस करते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि जिस दिन लोग चेस्ट वर्कआउट करते हैं, उस दिन बेंच प्रेस जरूर करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बेंच प्रेस करने से चेस्ट की मसल्स टारगेट होती हैं। जबकि यह एक कंपाउंड एक्सरसाइज है, जिसमें एक साथ आपके शरीर की कई मसल्स इनवॉल्व होती हैं। बेंच प्रेस सिर्फ एक एक्सरसाइज से कहीं अधिक है। जो लोग अपने वर्कआउट रूटीन में बेंच प्रेस एक्सरसाइज को शामिल करते हैं, उन्हें अनजाने ही कई तरह के लाभ मिलते हैं।

## बढ़ती है अपर बॉडी स्ट्रेन्थ

बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने का सीधा फायदा आपकी अपर बॉडी को मिलता है। दरअसल जब आप इस एक्सरसाइज को परफॉर्म करते हैं तो उस दौरान शरीर के ऊपरी हिस्से की मसल्स बहुत ज्यादा शामिल होती हैं और ऐसे में बारबेल को लिफ्ट करने से आपकी स्ट्रेन्थ भी बढ़ती है। इसके अलावा बेंच प्रेस करने से कोर स्टेबिलिटी भी इंप्रूव होती है, क्योंकि इस दौरान अनजाने में ही कोर की मसल्स शामिल होती है।

## हड्डियों को मिलता है लाभ

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से बोन हेल्थ पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। दरअसल, जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो अपनी क्षमतानुसार वजन उठाते हैं, जिससे बोन डेंसिटी बेहतर होती है। यह ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी मददगार है। कंधे और कोहनी के आस-पास की मांसपेशियों को मजबूत करके बेंच प्रेस ज्वॉइंट्स स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाता है। इससे समग्र हड्डियों का स्वास्थ्य अच्छा होता है और चोट लगने का जोखिम अपेक्षाकृत कम हो जाता है।

## बेहतर होता है पोश्चर

आज के समय में शरीर में होने वाले कई तरह के दर्द व समस्याओं का मुख्य कारण खराब बॉडी पोश्चर होता है। ऐसे में आपको बेंच प्रेस का अभ्यास करन चाहिए। यह एक्सरसाइज छाती और कंधे की मसल्स को अधिक मजबूत बनाती है, जिससे आपका बॉडी पोश्चर इंप्रूव होता है और ऐसे में आपको काफी फायदा मिलता है।

## मेंटल हेल्थ को मिलता है फायदा

बेंच प्रेस करने से ना केवल आपको शारीरिक रूप से फायदा मिलता है, बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो इससे कहीं ना कहीं आपका तनाव भी कम होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी करते हुए एंडोर्फिन रिलीज होता है, यह एक नेचुरल मूड लिफ्टर के रूप में काम करता है।

## मेटाबॉलिज्म होता है बूस्ट

आपको शायद पता ना हो, लेकिन बेंच प्रेस का पॉजिटिव असर मेटाबॉलिज्म पर देखने को भी मिलता है। बेंच प्रेस एक कंपाउंड एक्सरसाइज है और इसलिए इसे करने के लिए काफी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। जिससे आपके मेटाबॉलिज्म पर अच्छा असर पड़ता है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है जो वजन कम करना चाहते हैं या अपना वजन मेंटेन करना चाहते हैं।





# इन लोगों की सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है बादाम का सेवन करना

मेवे का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। वहीं सूखे मेवे की अपनी खासियत होती है। इसका शरीर पर विशेष प्रभाव पड़ता है। बादाम काफी ज्यादा पौष्टिक माना जाता है। लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य परिस्थितियों में बादाम का सेवन आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। वैसे तो बादाम की खूबियों के बारे में हम सभी भलीभांति जानते हैं। इसके साथ ही बादाम के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी जानना बेहद जरूरी होता है। बादाम में कैल्शियम, फास्फोरस, विटामिन ई, फाइबर और एंटी ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप रोजाना सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपको फायदा पहुंचाएगा। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि बादाम का सेवन कुछ स्वास्थ्य समस्याओं में हानिकारक माना जाता है। जिसकी जानकारी इन समस्याओं से पीड़ित लोगों को जरूर होनी चाहिए। तो आइए जानते हैं किस तरह की सेहत संबंधी परेशानियों में बादाम का सेवन करना हानिकारक साबित हो सकता है।



### हाई ब्लड प्रेशर

जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या होती है और आप इसके लिए दवा का सेवन कर रहे हैं। तो बादाम का अधिक सेवन करना आपकी दवा के प्रभाव को बेअसर कर सकता है। क्योंकि बादाम में मैंगजीन भरपूर मात्रा पाई जाती है। बादाम की शरीर में अधिकता दवाओं के असर को बेअसर कर सकती है। वहीं बादाम में हाई कैलोरी की मात्रा हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है।

### स्टोन की समस्या

जिस व्यक्ति की किडनी में पथरी या गॉल ब्लेडर की समस्या है, तो ऐसे लोगों को भी बादाम के सेवन से बचना चाहिए। बादाम में अधिक मात्रा में ऑक्सलेट पाया जाता है, जोकि स्टोन की समस्या को बढ़ता है। इसलिए किडनी की समस्या से पीड़ित व्यक्ति को सीमित रूप में बादाम का सेवन करना चाहिए।

### पेट की समस्या

आमतौर पर सेहतमंद बने रहने के लिए रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने की सलाह दी जाती है। जबकि मुट्ठी भर बादाम पेट के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। असल में मुट्ठी भर बादाम में 170 ग्राम फाइबर पाया जाता है। वहीं आपके शरीर को रोजाना सिर्फ 25 से 40 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। यानी की एक दिन में सिर्फ 3-4 बादाम का सेवन करना चाहिए। अगर आप पूरा दिन में इससे अधिक बादाम खाने से आपको दस्त की समस्या हो सकती है। पाचन की समस्या होने पर बादाम के सेवन से बचना चाहिए।

### विटामिन ई

इसके साथ ही बादाम में विटामिन ई की अधिक मात्रा पाई जाती है। बादाम के अधिक सेवन से शरीर में विटामिन ई का ओवरडोज हो सकता है। जिसकी वजह से थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अधिक मात्रा में विटामिन ई होने से माइग्रेन की समस्या ट्रिगर हो सकती है। माइग्रेन की समस्या से पीड़ित लोगों को बादाम का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।

### मोटापा

मोटापे की समस्या से पीड़ित लोगों को भी बादाम का कम सेवन करना चाहिए। क्योंकि बादाम में भरपूर मात्रा में कैलोरी और वसा पाया जाता है। ऐसे में बादाम का अधिक सेवन मोटापे को बढ़ावा दे सकता है। इसलिए जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनको सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करना चाहिए।

# बगल से आने वाली बदबू को दूर करेंगे ये आयुर्वेदिक उपाय

बगल से बदबू आना एक आम समस्या है, जो लोगों को परेशान करती है। खासकर, गर्मियों में यह दिक्कत काफी बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पसीना अधिक आता है और इसके कारण, बगल से दुर्गंध आने लगती है। आर्मपिट से आने वाली स्मैल कई बार शर्मिंदगी का कारण भी बनती है। अक्सर लोग, इस स्मैल को दूर करने के लिए, डिओडोरेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, केमिकल वाले डिओ भी स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अंडरआर्म से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए क्या पीना चाहिए, क्या लगाना चाहिए और किस चीज से नहाना चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।



**नीम के पानी से नहाएं :** नीम स्किन इंफेक्शन से छुटकारा दिलवाने के लिए बहुत अच्छा है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन पर होने वाले दानों को दूर करता है। नीम के पानी से नहाने से आपको बगल की दुर्गंध से राहत मिल सकती है। पानी में कुछ नीम की पत्तियां डालकर रख दें और इसे रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर इस पानी से नहाएं। आपको बगल की बदबू और स्किन इंफेक्शन्स व एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

**चंदन का पेस्ट लगाएं :** एक्सपर्ट के मुताबिक, बगल से आने वाली दुर्गंध को दूर करने के लिए, आपको चंदन और गुलाबजल का पेस्ट बगल में लगाना चाहिए। बगल को रोजाना साफ करें। इसके साथ ही, चंदन और गुलाबजल का पैक बनाकर इसे बगल पर लगाएं। आपको 2 चम्मच चंद पाउडर में, जरूरत के अनुसार गुलाबजल मिलाकर इसका एक पेस्ट बनाना है। इसे नहाने से कुछ मिनट पहले, बगल में लगाएं और फिर इसे नहाते वक्त धो लें। इससे बगल में डेड स्किन सेल्स जमा नहीं होंगी और बैक्टीरिया को पनपने का मौका नहीं मिलेगा। इससे अंडरआर्म का कालापन भी दूर होगा।

**मुलैठी की चाय पिएं :** मुलैठी में मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कूमारिन स्किन व सांसों से आने वाली बदबू को दूर करते हैं। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। यह पसीने के कारण, पनपने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करती है। इसे पीने से शरीर से आने वाली बदबू से राहत मिलेगी। दिन में 1 बार इस चाय को पिएं। गर्मियों में बगल से आने वाली बदबू को दूर करने में ये आयुर्वेदिक उपाय आपकी मदद करेंगे।

# भागदौड़ भारी लाइफ के बाद भी महिलाएं खड़े होकर करें ये योगासन, रहेंगी फिट और स्वस्थ

अक्सर महिलाओं के पास खुद के लिए समय बिलकुल नहीं होता। महिलाएं परिवार की देखभाल करतीहैं। वे अपने जीवनसाथी और बच्चों के स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी रखती हैं, लेकिन खुद की सेहत का नहीं। गौरतलब है कि योग करना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। योगा करने से मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। स्वस्थ मन और फिट शरीर वाली महिलाएं परिवार के स्वास्थ्य को बढ़ाने में संभावना रखती हैं। इसलिए, यह कहना उचित होगा कि महिलाओं का स्वास्थ्य एक स्वस्थ समुदाय की कुंजी है।



## ताड़ासन

महिलाएं खुद को स्वस्थ रखने के लिए ताड़ासन कर सकती है। ताड़ासन मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह पीठ के तनाव को कम करने में मदद करता है। ताड़ासन करने के लिए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाते हुए सीधा खड़े हो जाएं। इसके बाद हाथों और एड़ियों को ऊपर उठाते हुए जितना हो सके शरीर को ऊपर की तरफ स्ट्रेच करें।

## वीरभद्रासन

वीरभद्रासन सबसे अनोखे आसनों में से एक है क्योंकि यह खड़े होने और शरीर को संतुलित करने की दोनों गतिविधियों को जोड़ती है। इस मुद्रा में, एक पैर 90 डिग्री के कोण पर आगे की ओर झुका होता है जबकि दूसरा पिछला पैर 15 डिग्री के कोण पर पीछे की ओर फैला होता है, हाथ हवा में सीधे होते हैं। कम से कम 20 सेकंड तक रुकें और दोहराएं। यह आसन संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और पीठ की मांसपेशियों, हैमस्ट्रिंग और कंधे की मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है।

## त्रिकोणासन

त्रिकोणासन का अभ्यास करने से पैरों, रीढ़ की हड्डी और पीठ को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इसे करने से डाइजेशन सिस्टम बेहतर होता है।

## वृक्षासन

वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा, चिंता कम करने के लिए एक शक्तिशाली योगा के रूप में सामने आया है। जैसे ही आप एक पेड़ की तरह ऊंचे खड़े होते हैं, एक पैर जमीन पर रखते हैं जबकि दूसरा पैर भीतरी जांघ या पिंडली पर रखते हैं, आप स्थिरता और आंतरिक शक्ति की भावना पैदा करते हैं। यह मुद्रा केंद्रित श्वास को प्रोत्साहित करती है, मन और शरीर के बीच संबंध को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही, पैरों और शरीर की मांसपेशियों को मजबूत मिलती है।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगी फॉलो करें ये टिप्स, कंट्रोल रहेगा बीपी

आजकल बिगड़ी लाइफस्टाइल के साथ-साथ खराब खानपान के कारण लोगों में बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। मसालों से लेकर खानपान की अन्य चीजों में केमिकल और पेस्टिसाइड जैसी चीजें मिलाई जा रही हैं, जो कि कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रही हैं। इसके साथ ही वर्कप्रेशर और आगे बढ़ने की होड़ में लोग ज्यादा स्ट्रेस यानी तनाव लेने लगे हैं, जिससे भी ब्लड प्रेशर से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। खासकर, गर्मियों के मौसम में लोग ब्लड प्रेशर की समस्या से काफी परेशान रहते हैं, जो कि अगर लंबे समय तक रहती है तो दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है।



**भरपूर मात्रा में पानी पिएं :** गर्मियों में बाहर का तापमान ज्यादा होता है, ऐसे में शरीर से पानी की कमी हो सकती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो सकती है। इसलिए, रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहेगा और जरूरी मिनरल्स भी मिलेंगे। अगर आप ज्यादा सादा पानी नहीं पी पाते हैं तो आप पानी में नींबू मिलाकर पी सकते हैं। इसके अलावा नारियल पानी, दाल का पानी, चावल का पानी भी ले सकते हैं। इनसे शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स प्राप्त होंगे, जिससे गर्मियों के दिनों में भी आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल हो सकता है।

**स्ट्रेस से दूरी बनाएं :** स्ट्रेस यानी तनाव शरीर की कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव से दूरी बनाकर रखना चाहिए। तनाव और चिंता भी बीपी को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, आपको स्ट्रेस को कंट्रोल करने के लिए योग और मेडिटेशन का अभ्यास करना चाहिए। इसके साथ ही अपनी लाइफस्टाइल को भी सुधारें और रोजाना 7-8 घंटे की लगातार नींद लें। जिससे कि आपको एंग्जायटी और स्ट्रेस की समस्या कम होगी और शरीर में ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहेगा।

**जंक फूड न खाएं :** गर्मियों में अधिक मसालेदार और तले हुए खाने का सेवन करना ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। ऑयली और जंक फूड में न सिर्फ तेल और मसाले होते हैं बल्कि इसमें नमक की मात्रा भी ज्यादा होती है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में गर्मियों में घर का बना साफ और हल्का खाना ही खाना चाहिए और डाइट में ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों को शामिल करना चाहिए।

**नींद पूरी करें :** अच्छी नींद लेना भी शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद कर सकता है। इसलिए, रात में 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। इसके लिए आप सोने से कम से कम 3 घंटे पहले अपना डिनर कर लें और टीवी-मोबाइल से दूरी बनाएं। कई बार ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण भी लोग अनिद्रा के शिकार हो जाते हैं।

**योग-मेडिटेशन करें :** योग और मेडिटेशन का रोजाना अभ्यास करने से आपकी मानसिक स्थिति में सुधार होता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। नियमित योग और मेडिटेशन के अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

# ये स्ट्रेचिंग कब्ज से दिलाएंगी राहत, रोजाना सिर्फ 10 मिनट करें

सुबह उठकर फ्रेश होना न सिर्फ हमारे मूड को लाइट करता है, बल्कि शरीर फिट है...यह संकेत भी देता है। अगर आपके साथ ऐसा नहीं हो रहा है, तो हो सकता है कि आपको कब्ज की समस्या है। ऐसा खानपान में लापरवाही यानी पेट संबंधी समस्याएं होने की वजह से हो सकता है। इसलिए कहा जाता है कि हमें नियमित रूप से सही आहार लेना चाहिए, ताकि पाचन तंदुरुस्त रहे। खाना सही तरीके से न पचने के कारण कब्ज हो जाती है। कब्ज की समस्या की वजह से खाने का भी मन नहीं करता है। हालांकि, कई बार अच्छी डाइट लेने के बावजूद भी कब्ज की समस्या होने लगती है। पता नहीं कमी कहां रह जाती है...रोजाना दूध पीते है, अच्छी खुराक लेते हैं...पर यह समझ नहीं आता कि कमी कहां रह जाती है। अगर आपको भी कब्ज रहता है, तो जरूरी है कि अपने रूटीन में कुछ ऐसी एक्सरसाइज को शामिल किया जाए जिनकी मदद से फिट भी रहा जा सके और कब्ज की समस्या दूर भी हो जाए। तो बस हम आपके लिए ऐसी एक्सरसाइज लेकर आ गए हैं।

## पवनमुक्तासन

पवनमुक्तासन करने से शरीर के निचले हिस्से में पर असर पड़ता है। इससे पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे पेट की गैस बाहर आती है। पेट पर दबाव पड़ने से कब्ज में भी राहत मिलती है।



### कैसे करें?

- इस आसन को करने के लिए पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं।
- दाएं पैर को घुटने से मोड़ें। इस घुटने को दोनों हाथों से पकड़कर चेस्ट की ओर लाएं।
- इसके बाद सिर को जमीन से ऊपर उठाने की कोशिश करें कि नाक घुटने को स्पर्श करें। लेकिन ध्यान रहें कि जबरदस्ती ना करें।
- इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रोककर वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं।
- यही क्रिया दूसरे पैर से भी करें। इसके बाद इसे दोनों पैरों से एक साथ करें।

## वज्रासन

वज्रासन न केवलकब्ज की समस्या कम करता है, बल्कि पेट के आस-पास में वजन कम करने में भी मदद करता है, क्योंकि शरीर को सीधे रहने के लिए एक मजबूत कोर की आवश्यकता होती है, जो इस हिस्से में मसल्स को मजबूत करता है।



### कैसे करें?

- इस योग की फर्श पर घुटने टेककर शुरुआत करें।
- आराम के लिए योगा मैट का इस्तेमाल करें।
- घुटनों और टखनों को एक साथ स्ट्रेच करें और पैरों को सीध में रखें।
- सांस छोड़ते हुए पैरों पर वापस बैठ जाएं।
- हिप्स एड़ियों और जांघें काफ पर टिकी रहनी चाहिए।
- हाथों को जांघों पर रखें और पेल्विक को थोड़ा पीछे और आगे की ओर तब तक समायोजित करें जब तक आप सहज न हो जाएं।
- रीढ़ की हड्डी को सीधा करके बैठने की स्थिति में धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें।
- शरीर को ऊपर की ओर खींचने के लिए सिर का इस्तेमाल करें और टेलबोन को फर्श की ओर दबाएं।
- चिन को फर्श के समानांतर रखते हुए आगे की ओर देखने के लिए सिर को सीधा करें।
- हाथों की हथेलियों को जांघों पर आराम से बाजुओं के साथ रखें।
- इस मुद्रा में कुछ देर ठहरे रहें और वापस सामान्य हो जाएं।

## तितली आसन

यह आसन पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इसको करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है।



### कैसे करें

- इसे करने से पहले सुखासन में बैठ जाएं।
- अब दोनों पैरों को घुटने से मोड़ें।
- इस तरह अंदर रखें कि पैरों के तलवे एक दूसरे को छू रहे हों।
- एड़ियों को जितना हो सके अंदर की ओर खींचने की कोशिश करें।
- अब हाथों से दोनों पैरों को एक साथ पकड़ें और रीढ़ की हड्डी को जितना हो सके सीधा रखें।
- अब सांस अंदर लें और हाथ को दोनों घुटनों पर रखें।
- जैसे ही हम सांस छोड़ते हैं, घुटनों को ऊपर और नीचे तब तक ले जाएं जब तक कि घुटने जमीन को स्पर्श न करें।
- नॉर्मल सांस लें और इस प्रक्रिया को कम से कम 15 से 20 बार दोहराएं।

# प्रिंस हॉस्पिटल में फियोक्रोमोसाइटोमा की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोडए सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल में चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। अस्पताल में 32 वर्षीय युवक के एड्रिनल ग्रंथि का दुर्लभ हार्मोन बनाने वाला ट्यूमर, फियोक्रोमोसाइटोमा का सफल ऑपरेशन किया गया। यह सर्जरी अत्यंत जटिल और हाई-रिस्क मानी जाती है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान मरीज के रक्तचाप और हृदय गति में अचानक गंभीर उतार-चढ़ाव आने की आशंका रहती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों व एनेस्थीसिया टीम की सतर्क निगरानी के चलते ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। यह सर्जरी यूरोलॉजिस्ट डॉ. घनश्याम कुमावत, एनेस्थेटिस्ट डॉ. अमित शर्मा व डॉ. पवन की टीम द्वारा सम्पन्न की गई। ऑपरेशन के दौरान मरीज के रक्तचाप, हृदय गति और अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक मानकों की निरंतर मॉनिटरिंग की गई, जिससे किसी भी संभावित जटिलता को तुरंत नियंत्रित किया जा सका। सर्जरी के दौरान दीपक एवं नेमीचंद ने सहायक की भूमिका निभाई। फियोक्रोमोसाइटोमा एड्रिनल ग्रंथि का एक दुर्लभ ट्यूमर होता है, जो अत्यधिक मात्रा में एड्रेनालाईन और नॉर, ड्रेनालाईन हार्मोन का स्राव करता है। इसके कारण मरीज को बार-बार या लगातार उच्च रक्तचाप, तेज धड़कन, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, घबराहट तथा बैचेनी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। समय पर पहचान और उपचार नहीं होने पर यह बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है। निदेशक डॉ. पीयूष सुंडा ने कहा कि प्रिंस हॉस्पिटल में मल्टीस्पेशलिटी एवं सुपरस्पेशलिटी के चिकित्सकों की बड़ी टीम,अत्याधुनिक जांच सुविधाएं, बेहतर आईसीयू केयर एवं 24.7 इमरजेंसी सुविधाओं के कारण क्षेत्र के आमजन को बड़ी राहत मिली रही है।

## कारगिल विजय दिवस आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई, 2026 को प्रात: 09 बजे वीरगति स्मारकए चूरू पर श्रद्धांजलि काय्रक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनियां सेनि ने बताया कि कारगिल ऑपरेशन के दौरान देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैकड़ों वीरों को वीरगति स्मारक पर पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर नमन किया जाएगा तथा मौन रखकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## हवलदार नरेश सिंह को नम आंखों से विदाई, अग्निवीर बेटे ने दी मुखाग्नि, बेटी ने सैल्यूट कर दी अंतिम सलामी



अशोक राईका

**बुहाना ( नवयत्न )।** भारतीय सेना के जवान नरेश सिंह तंवर को शनिवार को उनके पैतृक गांव बुहाना में पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की आंखें नम थीं और हर जुबान पर जवान की देशसेवा का जिक्र था। भिर्र गांव से बुहाना तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण, युवा और पूर्व सैनिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने भारत माता की जय और नरेश सिंह अमर रहें के नारों के बीच अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। श्मशान घाट पर सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी। इस भावुक पल में जवान के अग्निवीर पुत्र सचिन ने पिता को मुखाग्नि दी जबकि पुत्री मुस्कान ने सैल्यूट कर अपने पिता को अंतिम विदाई दी। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया। सेना के अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज परिजनों को सौंपते हुए शहीद सैनिक के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

**25 वर्षों तक की देश सेवा-**नरेश सिंह तंवर का जन्म 2 जुलाई 1983 को हुआ था। उन्होंने 18 जून 2001 को दिल्ली स्थित राजपूताना राइफल्स सेंटर से भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया था। करीब 25 वर्षों तक उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवाएं दीं। ड्यूटी से लौटते समय ट्रेन की चपेट में आने से उनका निधन हो गया।

**पूरा परिवार सेना से जुड़ा-**नरेश सिंह का परिवार लंबे समय से देश सेवा की परंपरा निभाता आ रहा है। उनके पिता भागीरथ सिंह और बड़े भाई अशोक सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं जबकि छोटे भाई सुरेश सिंह वर्तमान में सेना में सेवाएं दे रहे हैं। उनके पुत्र सचिन अग्निवीर के रूप में प्रशिक्षण ले रहे हैं और पुत्री मुस्कान अध्ययनरत हैं।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि-**अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, तहसीलदार बाबूलाल जाट, नगर पालिका ईओ सुरेन्द्र कुमार, थानाधिकारी राममनोहर, नगर पालिका चेयरमैन दशरथ तंवर, पूर्व उपप्रधान राजपाल सिंह तंवर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, ग्रामीण और युवाओं ने पहुंचकर दिवंगत जवान को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सतरंगी सावन लहरिया उत्सव आठ अगस्त को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सावन की फुहारों और राजस्थानी संस्कृति के रंगों से सराबोर सतरंगी सावन लहरिया उत्सव का आयोजन आठ अगस्त शनिवार को दोपहर 1 बजे से राजा पार्क स्थित होटल क्लिक में किया जाएगा। नृत्यम फाउंडेशन और नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन संस्था से जुड़ी अनीता, पूर्वांशी, संतोष, रेनू, प्रिया, इंदिरा, पिंकी और मनीषा ने किया। इसके अलावा इस आयोजन के मुख्य समन्वयक भीम सिंह कासनिया होंगे।

आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि सावन की पारंपरिक थीम पर आधारित इस उत्सव में सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी अपनी कला और व्यक्तित्व का प्रदर्शन करेंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के साथ आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यस्त जीवनशैली में महिलाओं को स्वयं के लिए समय कम मिल पाता है।

ऐसे सांस्कृतिक आयोजन उन्हें तनाव से दूर होकर अपनी रचनात्मक क्षमता निखारनेए आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं से पारंपरिक लहरिया परिधान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सावन उत्सव का आनंद लेने की अपील की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शर्मा जी ज्वैलरी वाले तथा ज्वेलरी डिजाइनर प्रज्ञा टिबरीवाल का विशेष सहयोग रहेगा। उनकी ओर से प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।



नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन की संस्थापक शीलू सैनी ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। संस्था की ओर से प्रतिभागी महिलाओं को डांस की विशेष प्रैक्टिस भी करवाई जा रही है, ताकि कार्यक्रम को आकर्षक बनाया जा सके। सैनी बताया कि इस आयोजन में सावन की लोक संस्कृति, पारंपरिक लहरिया परिधान, लोक संगीत, नृत्य और उत्सव की रंगत एक ही मंच पर देखने को मिलेगी, जो महिलाओं के लिए यादगार सांस्कृतिक अनुभव साबित होगा।

# देवशयनी एकादशी पर गोविंददेवजी मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आषाढ़ शुक्ल एकादशी देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को जयनिवास बाग स्थित ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी महाराज में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। श्रीमन्माधव गौड़ेश्वर आचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में मंदिर में दिनभर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक किया गया तथा उन्हें लाल रंग की आकर्षक नटवर वेश पोशाक धारण कराई गई। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि मंगला झांकी से पूर्व वैदिक रीति-रिवाजों के साथ ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया। लाल रंग की नटवर वेश पोशाक के साथ उन्हें मुकुट, आभूषण और छड़ी धारण कराई गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। ग्वाल झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी के शालिग्राम श्री नारायण स्वरूप को भव्य चांदी के रथ में विराजमान कर मंदिर के दक्षिण-पश्चिम कोने स्थित तुलसा मंच तक शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया। यहां महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शालिग्राम भगवान का पंचामृत अभिषेक एवं तुलसी महारानी का विधिवत पूजन कराया। पूजन के उपरांत तुलसी महारानी और शालिग्राम भगवान की चार परिक्रमा कर विशेष आरती उतारी गई। इसके बाद शालिग्राम को खाट पर विराजमान कर निज मंदिर की एक परिक्रमा कराई गई और पुन: गर्भगृह में विराजमान कराया गया। इसके पश्चात संध्या झांकी के आरती दर्शन श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। देवशयनी एकादशी के अवसर पर ठाकुर श्रीजी को ऋतु फलों का विशेष भोग अर्पित किया गया। भोग में जामुन, सेब, आलूबुखारा, केला और आम शामिल रहे। इसके अलावा मूंग, चना, साबुत मूंग, मोठ तथा साबुत चना दाल का विशेष भोग



भी अर्पित किया गया। मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और भक्तों ने भगवान गोविंद देव जी के दर्शन कर सुख.समृद्धि की कामना की।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** तिनके तिनके पड़े हैं, जुड़ना ही परिवार है इस विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय हीरादेवी गट्टानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चरकड़ा में आयोजित किया गया जिसमें 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया स अणुव्रत समिति नोखा के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि यह आयोजन अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैक्ट 2026 में होने वाले निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगित में किया गया जिसमें छात्रों ने परिवार को किस तरीके से जोड़कर रखेंएइस विषय पर चार्ट प्रदर्शित किया एवं निबंध के माध्यम से परिवार ही विकास की कड़ी है, संदेश दिया । कार्यक्रम में गट्टानी बालिका विद्यालय के प्रभारी रामजीवन ने इसे सराहनीय कार्य बताते हुए आभार व्यक्त किया । वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चरकड़ा के उपप्राचार्य मुरलीधर पालीवाल ने बताया की अणुव्रत समिति द्वारा कराये जाने वाले आयोजन शिक्षाप्रद व सामाजिक समरसता के प्रतीक हे । इस अवसर पर शिक्षिका अनीता चौधरी, उषा व मनसुख का परीक्षा में सहयोग सराहनीय रहा । अणुव्रत समिति के कोषाध्यक्ष हरिकिशन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## बैठक आज

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पण्डित गणेश नारायण सुरभि गौशाला में रविवार को सुबह 9 बजे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। कैप्टन महेश बुगालिया ने बताया कि इस दौरान गोशाला के विकास कार्यों, आगामी योजनाओं तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से गौशाला परिसर में पौधरोपण भी किया जाएगा। इस अवसर पर गौशाला से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेंगे। गौशाला के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गौसेवकों से समय पर उपस्थित होकर बैठक और पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है।

**प्रत्यर्थी का सम्मन**

**न्यायालय - पारिवारिक न्यायालय झुन्झुनू ( राज. )**

**याची रूबिना विरूद्ध शौकत अली**

याचिका बाबत- घोषणार्थ विवाह विच्छेद अं.धा. 2(ii), 2(iv), 2 (viii), (a) (b)D.M.M. Act 1939

**याचिका सं. 300/26**

प्रेषित - शौकत अली पुत्र गुलाम शबीर निवासी बी-23/24 इन्दिरा नगर, बतुल अस्पताल के पास, वार्ड नं. 07 झुन्झुनू तह. व जिला झुन्झुनू (राज.) ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत जिसकी नकल संलग्न है न्यायालय में प्रस्तुत की है। अत: आप दिनाक 07/8/2026 को प्रात: 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जबाब प्रस्तुत करे। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है, न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज तारीख 23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम**
पारिवारिक न्यायालय,
झुन्झुनू (राज.)

# मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के बारे में दी जानकारी

**तारानगर ( नवयत्न )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति की ओर से नेचर पार्क तारानगर में श्रमिकों (लेबर) को मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पीएलवी श्वेता भाकर ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बेरोजगार एवं जरूरतमंद परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना है। श्रमिकों को योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता, कार्य आवंटन तथा मजदूरी भुगतान संबंधी जानकारी समझाई गई। साथ ही उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, जैसे निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्राप्त करने का अधिकार, समय पर मजदूरी भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल तथा श्रम कानूनों के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित श्रमिकों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लड़के की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष तथा लड़की की 18 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में विवाह करना, करवाना या उसमें सहयोग करना कानूनन दंडनीय अपराध है। बाल विवाह के दुष्परिणामों जैसे शिक्षा में बाधा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ




तथा बाल अधिकारों के हनन के बारे में भी समझाया गया।

साथ ही यह भी बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित प्रशासन, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को देकर उसे रोका जा सकता है। सभी उपस्थित लोगों से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया।

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**

**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान मण्डावा**

**वादी असगर खा विरूद्ध मकबुल**

**दावा बाबत - वादा दूरूस्त करने विवाद**

**सिविल वाद संख्या सन्**

प्रेषित मकबुल पुत्र एमन खा जाति कायमखानी निवासी बिसाऊ तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनू वादी असगर ने आपके विरूद्ध नकल वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 13/8/26 दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा का प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और इसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 148/09-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**उपखण्ड अधिकारी**
मण्डावा (झुंझुनू)

# केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर चूरू में होगा यूएनसीसीडी कोप-17 का प्री-कोप संवाद

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर चूरू में यूएनसीसीडी कोप-17 का प्री-कोप का आयोजन किया जाएगा। कंट्री ऑफद गंग कैनाल : लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट विषय पर राष्ट्रीय स्तर का संवाद गंगनहर की स्थापना के शताब्दी वर्ष 1927-2027 के अवसर पर आयोजित होगा। इस दौरान भूमि पुनर्स्थापन, जल प्रबंधन, मरुस्थलीय पारिस्थितिकी, घासभूमि संरक्षण एवं जलवायु सहनशीलता पर देश के अग्रणी वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया लाएगा। इस कार्यक्रम की संकल्पना अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकॉलॉजी एंड द एनवायरनमेंट एटीआरईई तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से की गई है। कार्यक्रम 26 जुलाई को प्रात: 9315 बजे से सायं 5:30 बजे तक चूरू के ग्रैंड शेखावाटी होटल में आयोजित किया जाएगा। मेघवाल ने बताया कि थार मरुस्थल के मध्य स्थित चूरू देश के सर्वाधिक जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में है। विश्व प्रसिद्ध ताल छापर की घासभूमि एवं समृद्ध जैव विविधता इसे इस आयोजन के लिए उपयुक्त पृष्ठभूमि प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि वर्ष-2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय रेंजलैंड एवं पशुपालक वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण वैश्विक वर्ष में आयोजित यह प्री-कोप संवाद थार की घासभूमियों, रेंजलैंड संरक्षण, पशुपालक समुदायों, सतत भूमि प्रबंधन और जलवायु सहनशीलता के मुद्दों को वैश्विक प्राथमिकताओं से जोड़ते हुए विशेष महत्व प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मरुस्थलीकरण प्रकोष्ठ के डीआईजी प्रशांत राजगोपाल लैंड डिग्रेजेशन न्यूट्रैलिटी लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। राजस्थान के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी. अरुण प्रसाद उद्घाटन में संबोधन देंगे। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य वक्तव्य देंगे। मेघवाल अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों की सामाजिक एवं पारिस्थितिक विरासत पर आधारित विशेष कलाकृति का लोकार्पण करेंगे। तकनीकी सत्र में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र, पश्चिमी राजस्थान में एक शताब्दी के सतत जल प्रबंधन से आए जलवायु परिवर्तनों पर विशेष व्याख्यान देंगे। इसके अतिरिक्त अटारी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, सीआईएएचए आईजीएफआरआई, आफरी, एसएसी-आईएसआरओ आदि संस्थानों के विशेषज्ञ गंगनहर के इतिहास, भूमि उपयोग में परिवर्तन, घासभूमि एवं रेंजलैंड संरक्षण, चारा सुरक्षा, जैव विविधता, गोडावण संरक्षण तथा उपग्रह आधारित भूमि परिवर्तन विश्लेषण जैसे विषयों पर अपने विचार रखेंगे। दोपहर बाद आयोजित राउंडटेबल सत्र में अगले सौ वर्षों के लिए थार क्षेत्र की विकास रणनीति पर मृदा स्वास्थ्य लवणीयता नियंत्रण, जल सुरक्षा, जलवायु-अनुकूल कृषि, घासभूमि पुनर्स्थापन, रेंजलैंड प्रबंधन तथा पशुपालन से जुड़े नीतिगत विषयों पर विशेषज्ञों एवं नीति-निर्माताओं के बीच विचार-विमर्श होगा। समापन सत्र में जिला प्रशासन द्वारा चूरू के हीट एक्शन प्लान पर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह प्री-कोप संवाद यूएनसीसीडी कोप-17 से पूर्व भारत के भूमि पुनर्स्थापन, सतत जल प्रबंधन और जलवायु सहनशीलता के अनुभवों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगा। साथ हीए यह गंगनहर की शताब्दी को थार मरुस्थल में सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधन प्रबंधन की प्रेरक विरासत के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## गायत्री परिवार : शक्तिपीठों में गुरु पूर्णिमा पर नए साधकों को दी जाएगी गुरु दीक्षा

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, मानसरोवर के वेदना निवारण केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में 27 से 29 जुलाई तक विविध आध्यात्मिक एवं संस्कारमय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में गुरु उपासना, अखंड जप, गायत्री महायज्ञ, गुरु दीक्षा, विभिन्न संस्कार के कार्यक्रम होंगे। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे से गुरुगीता पाठ होंगे। 28 जुलाई को प्रात: 6 बजे से शाम 6 बजे तक अखंड जप का आयोजन किया जाएगा। 29 जुलाई को प्रात: 9 से 11 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, पर्व पूजन एवं दीक्षा सहित विविध संस्कार होंगे।

## नाम परिवर्तन

हम सुनिल कुमार पुत्र पुरूषोतम लाल व चेतना पत्नी सुनिल कुमार निवासी पुराना पोस्ट ऑफिस के पास, जैन दादाबाड़ी वार्ड नं 46 झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.)। हमारी पुत्री का स्कूल रिकॉर्ड में नाम ANNYA दर्ज है जबकि उसका सही नाम अनन्या (ANANYA) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

## विशाल रक्तदान शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में निर्मल मन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से 26 जुलाई 2026 रविवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। युवा नेताएसमाजसेवी एवं निर्मल मन फाउंडेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राहुल सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर शिव शक्ति छात्रावास, गांधीनगर रेलवे स्टेशन, गेट नंबर-2 के पास, जयपुर में आयोजित होगा। शिविर प्रात: 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। उन्होंने स्वस्थ नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। राहुल सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए नया जीवन साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे एक साथ कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से ष्रक्तदान करें, जीवनदान करें का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि आपका एक यूनिट रक्त, किसी की जिंदगी बचा सकता है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को मजबूत करना और अस्पतालों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग देना है। राहुल सैनी ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से यह अभियान सफल होगा और कई जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से 26 जुलाई रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

## 26.75 लाख की ठगी के मामले में सात साल से फरार दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना पुलिस ने सात साल से फरार चल रहे 10-10 हजार रुपए के दो इनामी आरोपियों रवि आसवानी और उसकी पत्नी कीर्ति आसवानी को प्रतापनगर से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफस्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी थे और वे वर्ष 2019 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में वांछित थे। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि दोनों आरोपियों ने परिवादी से 26 लाख 75 हजार रुपए 75 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर लिए थे। इसके बदले गणेश नगर स्थित एक प्लॉट का विक्रय अनुबंध और गारंटी दी गई, जबकि उसी प्लॉट के मूल दस्तावेज पहले से बैंक में गिरवी रखकर ऋण लिया जा चुका था। मामले में सदर थाने में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश होने के बाद भी वे फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों आरोपी पहले महाराष्ट्र के शिरडी में रहे और बाद में जयपुर के जगतपुरा-प्रतापनगर क्षेत्र में पहचान छिपाकर किराये के फ्लैट में रहने लगे। वे अपने नाम के मोबाइल सिम बंद कर दूसरे व्यक्तियों के नाम से जारी सिम का इस्तेमाल कर रहे थे। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को प्रतापनगर से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एसीपी सदर धर्मवीर सिंह के सुपरविजन तथा सदर थाना प्रभारी ब्रजमोहन काविया के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

## दुकानदार का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने दुकानदार के अपहरण कर दो लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।पुलिस के अनुसार 23 जुलाई की शाम सेक्टर-67, गुलाब विहार स्थित दुकान से रामदयाल का मनीष सैनी, अविनाश राव उर्फ बॉबी और एक अन्य आरोपी किशन राजपूत जबरन कार में बैठाकर अपहरण कर ले गए। इसके बाद परिजनों को फोन कर दो घंटे के भीतर दो लाख रुपए की फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में 24 जुलाई को प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज किया गया। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर घटनास्थल और आसपास के करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने वाटिकाए सांगानेर क्षेत्र से आरोपी मनीष सैनी 22 और अविनाश राव उर्फ बॉबी 24 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहृत रामदयाल को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जबकि तीसरे आरोपी किशन राजपूत की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष सैनी के खिलाफ पहले से चोरी के दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारस जैन, एसीपी सांगानेर हरीशंकर शर्मा के निर्देशन तथा प्रतापनगर थाना प्रभारी विक्रांत शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

## एसी वायर चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस ने एसी कॉपर वायर चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 20 किलोग्राम कॉपर वायर बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उससे अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। दक्षिण जयपुर के पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि आरोपी दिलखुश मेरोठा 24 निवासी करौलीए हाल ब्राह्मणों की ढाणी, पत्रकार कॉलोनी, जयपुर को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों की पहचान कर उनके आने-जाने के रास्तों का विश्लेषण किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से चोरी की गई करीब 20 किलो कॉपर वायर बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया सहित शिवसिंह, लोकेश कुमार, लाडूराम, अन्नाराम और हवलदार सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री आज चूरू में

**चूरू ( नवयत्न )।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार, 26 जुलाई को चूरू पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री मेघवाल 26 जुलाई को सवेरे 4:10 बजे रेल मार्ग से चूरू पहुंचेंगे तथा सर्किट हाउस, चूरू में विश्राम करेंगे। इसके बाद सवेरे 09:30 बजे चूरू जिला मुख्यालय पर होटल ग्रैंड शेखावाटी में आयोजित प्री सीओपी 17 कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। तत्पश्चात सायं 5 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# माँ की महिमा का अमृतपान कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री बालाजी सेवा धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन शनिवार को श्रद्धाए भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथा का वाचन करते हुए अनंत विभूषित महामण्डलेश्वर श्री बालाजी सेवा धाम पीठाधीश्वर आचार्य बजरंग दास महाराज ने माँ की महिमा का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया तथा परम वैरागी महर्षि सुखदेव जी की जन्म कथा का विस्तार से श्रवण कराया। आचार्य ने कहा कि माँ केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि प्रथम गुरु, संस्कारों की आधारशिला और जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति के जीवन में माता-पिता का सम्मान और गुरु का आशीर्वाद होता है, उसका जीवन सदैव उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहता है। महाराज माँ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि



ष्पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन माँ कभी कुमाता नहीं होती। उन्होंने कहा कि माँ का प्रेम, त्याग और वात्सल्य निस्वार्थ होता है। संतान चाहे कितनी भी भूल कर लेए माँ का हृदय सदैव उसके कल्याण की कामना करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से माता-पिता की सेवा और सम्मान को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया। कथा के दौरान उन्होंने महर्षि सुखदेव जी के अद्भुत जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि वैराग्य, ज्ञान और भक्ति का उनका जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। कथा के दौरान देवशयनी एकादशी का महत्व भी विस्तार से बताया गया। आचार्य श्री ने कहा कि इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और चातुर्मास का शुभारंभ होता है। इस अवधि में जप, तप, दान, व्रत, सत्संग और भगवान के स्मरण का विशेष महत्व माना गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। आयोजन समिति के पुखराज सांखी ने बताया कि 22 जुलाई से 29 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नि:शुल्क बस सेवाए भोजन एवं आवास की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा का लाभ उठा सकें। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 8:15 बजे गुरु पूजन, 9:15 बजे हवन-यज्ञ, 10:15 बजे गुरु आशीर्वाद वचन तथा दोपहर 12:15 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इन धार्मिक आयोजनों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कथा के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा, मातृशक्ति एवं मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं कथा स्थल पर पूरे समय भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालु भजनों और कथा श्रवण में तल्लीन दिखाई दिए।

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महेश्वरी का सम्मान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श विद्या मंदिर, राजापार्क की प्रबंध समिति ने विद्यालय के पूर्व छात्र एवं सवाई मानसिंह एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के प्रिंसिपल डॉ. दीपक महेश्वरी का विद्यालय परिसर में सम्मान किया। इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. राजीव सक्सेना और सचिव संजीव भार्गव ने पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र का चिकित्सा शिक्षा के सर्वोच्च पदों में से एक पर पहुंचकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। डॉ. महेश्वरी ने कंप्यूटेक्स ऑडिटोरियम और बालवाड़ी का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की। अपने संबोधन में डॉ. महेश्वरी ने छात्र जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि आदर्श विद्या मंदिर से मिले संस्कार, अनुशासन और शिक्षा ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र गुप्ता ने डॉ. महेश्वरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में सीबीएसई प्रधानाचार्या सुनयना नागपाल तथा छात्र प्रतिनिधि तुलसी संगतानी भी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल, नोखा केन्द्र ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय धाम ढाणियां, मैयासर में जनसेविका सरोज मरोठी के सौजन्य से विद्यार्थियों को स्कूल बैग व स्टेशनरी का वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य ईश्वर चन्द दूगड़ ने महावीर इंटरनेशनल की सेवा गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सामग्री कॉपी, पेन-पेंसिल आदि के उपयोग से छोटे-छोटे बच्चों की लेखन क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच मोहन राम नायक ने कहा कि इस प्रकार की शिक्षण सामग्री बालक बालिकाओं में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करने में सहायक होगी। नोखा नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन व महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के उपाध्यक्ष निर्मल भूरा ने कहा कि शाला के छोटे-छोटे बच्चे बहुत ही अनुशासन प्रिय लगे। एक जैसी सामग्री बच्चों में समानता का भाव विकसित करने में सहायक होगी। केन्द्र के वरिष्ठ सदस्य मोहनलाल पारख व शिखर चन्द पींचा ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्र में



अध्ययनरत बच्चों को कोई भी आवश्यकता हो तो महावीर इंटरनेशनल हमेशा तत्पर रहेगा। गांव के भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों को महावीर इंटरनेशनल जैसी सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समृद्ध बनाया जा सकता है। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार हीरावत ने बताया कि विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग व स्टेशनरी सामग्री कॉपी, पेन, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स आदिद्ध का वितरण किया गया। सचिव वीर बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि जनसेविका सरोज मरोठी का ध्येय ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन हेतु प्रेरित करना है। वो हमारी संस्था के माध्यम से निरंतर इस प्रकार का सहयोग प्रदान करती रहती है। शाला प्राचार्या राजू ढ़ाका ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल छींपा, सीए पंकज चाण्डक, भंवर लाल बुच्चा, भंवरलाल छींपा, वीरा जयश्री भूरा, संजू सोनी, अध्यापिका सपना, मनीष सीगड़, गांव के भगवान सिंह, भंवर सिंह राजपूत, दशरथ सिंह सहित विद्यालय स्टाफ व अनेक ग्रामीण जन व महिलाएं उपस्थित रहे। वीरा चेयरपर्सन सरला अग्रवाल ने जनसेविका सरोज मरोठी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए शाला की प्राचार्या राजू ढाका व सपना मैडम को भी बच्चों पर विशेष ध्यान देकर निरंतर अनुशासन में बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया।

# ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न ) ।** ग्राम पंचायत आसपुरा में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण फॉलोअप सेवा शिविर का आयोजन हुआ जिसका अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ साख द्वारा निरीक्षण किया गया तथा सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट देखी गई। इसके साथ ही शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अजीतगढ़ सुरेन्द्र कुमार कुड़ी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी अजीतगढ़ सॉवरमल सैनी के निर्देशन में शिविर काआयोजन हुआ। ग्रामवासियों द्वारा शिविर में बढ़ चढ़कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया गया। सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे।

सहकारिता विभाग से सागरमल कलवानिया व्यवस्थापक, झाबरमल सोलेत सह व्यवस्थापक, अजय जांगिड़ कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा सहकारिता विभाग एवं बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई तथा 3 किसानों को 4.50 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। विद्युत विभाग द्वारा 3 स्मार्ट मीटर लगाए गए। पशुपालन विभाग द्वारा मंगलम पशु बीमा योजना के 10 प्रमाण-पत्र जारी किए गए। परिवहन विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक के 2 स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। पीडब्ल्यूडी द्वारा परिवादों का निस्तारण किया गया तथा बरसाती गड्ढों को भरवाया गया एवं सड़क के किनारों पर कंटीली झाड़ियों को लगाया गया। वन विभाग द्वारा 7 वन मित्र आवेदन पत्र प्राप्त किए तथा ग्रामीणजनों




द्वारा 15 पौधे वितरण किए गए। वन्य जीवों को बचाने का संदेश दिया गया। राजस्व विभाग से पटवारी विनोद कुमार मरोड़िया, आरती यादव, पंचायती राज विभाग से हरफूल यादव, नरेंद्र यादव ग्राम सेवक, विद्युत विभाग से पूरणमल रोलाणियां, जलदाय विभाग से मीना गर्ग, कैलाश चंद्र चेजारा, पशुपालन विभाग से शारदा देवी यादव, आयुर्वेद विभाग से श्रीनिधि शर्मा, रसद विभाग से राशन डीलर सुधाकर दीक्षित, कृषि विभाग से संजु यादव, वन विभाग से शम्भुदयाल, महिला एवं बाल विकास विभाग से सरिता सैनी एवं अन्य विभागों केकर्मचारी/अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने मदन सिंह शेखावत अध्यक्ष सोसायटी, रामजीलाल यादव, रामसिंह जाखड़, हनुमान, जगदीश प्रसाद यादव सुरेश जाखड़, जालिम सिंह शेखावत समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। नीमकाथाना एडीएम ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पंहुचाना तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सरल बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी जरुरतमंद व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

## श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने सियाराम बाबा की बगीची में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक सुदर्शन महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वाचन किया। इस दौरान धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें श्रद्धालु झूम झूम कर नाचे और एक दूसरे को बधाइयां दी। कथा का वाचन करते हुए सुदर्शन महाराज ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर बुराई बढ़ती है, भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पृथ्वी को कंस के अत्याचारों से मुक्त करने के लिये कृष्ण के रूप में अवतार लिया था। इससे पूर्व कथा के दौरान होलिका दहन के प्रसंग में भक्त प्रह्लाद से जुड़े प्रसंग भी सुनाए। गौरधन खालसा के महामंडेलश्वर श्यामसुंदर दास त्यागी महाराज ने बताया कि कथा का वाचन 28 जुलाई रोज दोपहर में होगा। 29 जुलाई को गुरु दक्षिणाए कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान यजमान गोपालकृष्ण सोनी, बजरंगलाल बोचीवाल ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर नरेंद्र भाटी, बृजकिशोर सोनी, मंजू सोनी, दामोदर शर्मा, महेन्द्र कुमार टाक, दिनेश स्वामी, मुरारी खंडेलवाल, मनीष स्वामी, आनन्दी लाल सोनी, बृजेश शर्मा, शांति देवी, बिमला देवी ने कथा की व्यवस्था संभाली।

# नीट में चयन पर राहुल धेतरवाल का सम्मान, ऑल इंडिया 9111वीं रैंक

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती गांव भावनदेसर निवासी राहुल धेतरवाल पुत्र जिनकलाल धेतरवाल के नीट परीक्षा में चयन होने पर शनिवार को संत रुद्रनाथ महाराज के सानिध्य में सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम रखा गया जिसमें राहुल के दादा दानाराम सहित गुरुकृपा सीकर से पधारे शिक्षक सुनील चौधरी, विजय पारीक, विक्रम, किशनलाल शर्मा, लिच्छुराम, नानूराम, समाजसेवी भंवरलाल, खेताराम, रामचंद्र, रामेश्वरलाल, चंद्राराम, बाबूलाल, झुमरमल, रामदेवाराम, रामचंद्र मेघवाल,




मोहनलाल धेतरवाल, दुर्गादत्त, शंकरलाल धेतरवाल, शैतानाराम, खेताराम, मदनलाल, जगदीशप्रसाद आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गुरु कृपा से पधारे शिक्षक सुनील चौधरी ने बताया छोटे से गांव का लड़का पहली बार डॉक्टर बना है गांव के अंदर यह गांव के लिए खुशी नहीं पूरे भारत के लिए खुशी का पल है उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी होना बहुत जरूरी है। जो राहुल के माता-पिता ने उनको संस्कार दिए हैं, उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है कार्यक्रम में गुरु कृपा शिक्षण संस्थान की ओर से राहुल का एवं उनके माता-पिता दादा-दादी ताऊ जी का साफा सोल, मोमेंटो देकर सम्मान किया इस अवसर पर गांव के प्रमुख व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया एवं अपने गांव का राहुल ने नाम रोशन करने पर उनका पूरा ग्राम वाशियो की ओर से स्वागत किया गया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने राहुल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के पूर्व आए हुए अतिथियों का राहुल के परिवार जनों की ओर से माला एसाफा पहना कर सम्मान किया साथ ही ग्राम वासियों से भी अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में संत रुद्रनाथ महाराज ने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ भी नहीं है शिक्षा ही बच्चों का जीवन सवार सकती है। इसलिए अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण कराके अपने गांव एवं देश का नाम रोशन करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190